


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,बुधवार 6 मार्च 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-337 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## पारद शिवलिंग के दर्शन कर भाव-विभोर हुए शिवभक्त

### विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ पारा निर्मित शिवलिंग की प्रतिष्ठा , शिवधाम में अद्‌भुत, अनुपम व अद्वितीय नजारा





**रायपुर, 6 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

ग्राम तुलसी स्थित शिवधाम में भोलेबाबा के जयकारों के साथ आज एक अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां स्थापित 108 किलो पारा से निर्मित शिवलिंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पारद शिवलिंग की प्रतिष्ठा आज शिवधाम में विधि विधान से की गई। संपूर्ण तीर्थ क्षेत्र में मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई दे रही थी। इस ऐतिहासिक, दुर्लभ व विलक्षण पल का साक्षी बनने बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचे थे। मन को आनंदित कर देने प्रतिष्ठा अनुष्ठान को धर्म शास्त्रों में उल्लेखित विधान के अनुसार अघोरपीठ क्रीं कुण्ड, वाराणासी के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम रामजी ने संपन्न कराया। यहां यह बताना जरूरी है कि पारद शिवलिंग को दुर्लभ माना जाता है। पारद शिवलिंग का दर्शन व पूजन भक्तों के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। इससे मान-सम्मान, यश व धन की वृद्धि होती है। शिवधाम में आज भक्तों का तांता लगा रहा। प्रदेश भर से शिवभक्त पारद शिवलिंग का दर्शन करने पधारे थे। धर्म ग्रंथों में शिवलिंग के सभी प्रकारों में से चमत्कारी एवं सभी साधनाओं के लिए पारद शिवलिंग उत्तम माना गया है। पारा अत्यंत ही तरल पदार्थ है। इससे निर्मित शिवलिंग बहुत ही पवित्र व शक्तिशाली होता है। इसके दर्शन मात्र से नकारात्मक शक्तियों का नाश होकर सुख-समृद्धि के साथ ही सकारात्मक ताकतों का संचार होता है। शिवधाम शोध एवं सेवा संस्थान, रायपुर द्वारा खारून नदी के तट पर विकसित शिवधाम तीर्थ क्षेत्र में पारद शिवलिंग प्रतिष्ठा समारोह आज सुबह शुभ मुहुर्त पर प्रारंभ हुआ इस अवसर पर अघोर गणेश, माँ पार्वती एवं बाबा काल भैरव के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा भी की गई। इस पावन भूमि पर निर्मित भव्य मंदिर में अघोरेश्वर भोलेनाथ का विशाल शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठित है। साथ ही भगवान अघोरेश्वर राम तथा माँ काली (अघोरेश्वरी) प्रतिमा रूप में साक्षात विराजित हैं। धर्म ग्रंथों के अनुसार देवताओं ने हनुमान जी को पारद शिवलिंग उपहार में दिया था। महादेवघाट से अमलेश्वर सांकरा मोतीपुर, झीट तथा खुड़मुड़ी होते हुए पाटन मार्ग पर ग्राम तुलसी स्थित शिवधाम में नवरात्रि, महाशिवरात्रि सहित विभिन्न अवसरों पर कई तरह के अनुष्ठान किए जाते हैं। पारद शिवलिंग की प्रतिष्ठा के बाद यह क्षेत्र और भी शक्तिशाली हो गया है। पारद शिवलिंग में समस्त पापों व रोगों को नष्ट करने की शक्ति होती है। इसका स्पर्श करने से महादेव प्रसन्न हो जाते हैं। पारद शिवलिंग की पूजा से 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का पुण्य मिलता है। पारा शिवजी को अत्यंत प्रिय है। पारा की उत्पत्ति भगवान शिव के अंश से हुई है। पारद शिवलिंग की पूजा करने वाले की स्वयं महाकाल और महाकाली रक्षा करती हैं। पारदेश्वर महादेव के दर्शन बहुत कम ही स्थानों पर होती हैं। छत्तीसगढ़ के शिवभक्तों को अब शिवधाम में पारद शिवलिंग के दर्शन व पूजा का सौभाग्य मिलेगा।



## संक्षेप

### जमीन कारोबारी के ठिकाने पर ईडी का धावा

**बिलासपुर,6 मार्च।** ईडी की टीम बीती रात बिलासपुर स्थित गौरव पथ के पास अयोध्या नगर से दवा और जमीन कारोबारी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि दोनों व्यापारियो को डीएमएफ में गड़बड़ी से संबंधित मामलों में पकड़ा गया है। जानकारी देते चले कि महेश दुलानी और विक्की दुलानी बिलासपुर में चर्चित जमीन कारोबारी के रूप में भी जाने जाते हैं। इसके अलावा दुलानी परिवार का दवा कारोबार व्यापक स्तर पर प्रदेश में फैला हुआ है। महेश दुलानी का दवाई कारोबार कोरबा में भी चलता है। ईडी की टीम बीती रात अयोध्या नगर में दुलानी परिवार के ठिकाने पर धावा बोला । पूछताछ और जांच पड़ताल के बाद ईडी टीम महेश दुलानी के साथ विक्की दुलानी को अपने साथ रायपुर लेकर रात में ही चली गयी।बताते चले की द्रस्र का छापा डीएमएफ फंड में हेर फेर को लेकर किया गया है।

### दो मंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 3 मासूमों समेत 5 लोग जिंदा जले

**लखनऊ,6 मार्च।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक दो मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई. हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई. इसमें तीन मासूम बच्चे भी शामिल है. वहीं चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना काकोरी के हाता हजरत साहब इलाके में मंगलवार रात हुई. मिली जानकारी के अनुसार, हाता हजरत साहब निवासी 50 वर्षीय मुशीर अली जरदोजी का काम करने के साथ-साथ पटाखा कारोबारी भी थे. मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे उनके मकान की दूसरी मंजिल पर आग लग गई. आग लगने के कुछ ही मिनट बाद सिलिंडर में तेज धमाका हुआ. जब तक मकान के भीतर के लोग बाहर निकल पाते तब तक आग पूरे मकान में फैल गई.

### उद्धव ठाकरे के गढ़ पर असदुद्दीन ओवैसी की नजर

**नई दिल्ली,6 मार्च।** लोकसभा चुनाव 2024 के जरिए असदुद्दीन ओवैसी महाराष्ट्र के मैदान में मेगा एंट्री की तैयारी कर रहे हैं। खबर है कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन करीब 10 सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रही है। हालांकि, अब तक पार्टी ने आधिकारिक तौर पर सीटों की संख्या को लेकर कुछ नहीं कहा है। ओवैसी जल्द ही उम्मीदवारों के नामों का ऐलान भी कर सकते हैं। महाराष्ट्र टाइम्स की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि AIMIM 8-10 सीटों पर लड़ने की योजना बना रही है।

## सुरक्षा व्यवस्था छोड़ नाराज विधायक निकले नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर,हड़कंप

### सरकारी आवास नहीं मिलने से जनक ध्रुव के बिगड़े तेवर




**गरियाबंद,6 मार्च**

प्रशासन से नाराज बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव आज अपनी सुरक्षा व्यवस्था को नहनबीरी मैनपुर निवास में छोडकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों में जनसम्पर्क के लिए निकल गये हैं. जिसकी जानकारी लगते ही प्रशासन स्तर पर हड़कंप मच गया है. ज्ञात हो कि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई ईलाके काफी घोर नक्सली क्षेत्र है, साथ ही काफी संवेदनशील क्षेत्रों में माना जाता है, बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर निकलने से पहले मैनपुर लोक निर्माण विभाग के सामने पत्रकारों से चर्चा करते हुए **जनक ध्रुव** ने कहा कि विधानसभा चुनाव हुए तीन माह हो चुके हैं, शासन प्रशासन को देवभोग में आवास उपलब्ध कराने कई बार मांग कर चुका हूँ अब तक आवास उपलब्ध नहीं कराया गया है. ध्रुव ने बताया कि कलेक्टर का कहना है कि रायपुर में आवास उपलब्ध करा दिया गया है। जबकि रायपुर में आवास नहीं दिया गया है। आचार संहिता लगने के बाद विश्राम गृह में रुकने पर प्रतिबंध लग जाएगा। ऐसी स्थिति में जनसंपर्क कैसे करुंगा. मैनपुर नाहनबिरी स्थित अपने आवास में मेरे द्वारा स्वयं के खर्चा से सुरक्षा व्यवस्था किया हूं. उन्होंने कहा कि मेरे पास देवभोग में आवास की व्यवस्था नहीं है, मेरे स्वयं के रहने की व्यवस्था नहीं है ऐसे में मैं अपने सुरक्षाकर्मियों को कहा रखूंगा, इस मामले से कई बार प्रशासन को अवगत करा चुका हूँ, जनक ध्रुव ने कहा मैं विपक्ष का विधायक हूं. शायद इसीलिए सरकार मेरी सुरक्षा और रहने के लिए निवास की व्यवस्था नहीं कर रही है, विधानसभा क्षेत्र बहुत बड़ा है देवभोग क्षेत्र के लोगों को मुझसे मुलाकात करने के लिए 100 किलोमीटर दूर आना पड़ता है, सरकार और प्रशासन मुझे व्यवस्थापिका का हिस्सा ही नहीं मानती इसलिए सुविधा नहीं दे रही है। बताया जाता है कि ध्रुव के सुरक्षा कर्मियों में रायपुर मुख्यालय सहित स्थानीय पुलिस थाना व एएसपी पटेल को इसकी सूचना दे दी है।

#### क्या कहते हैं एसडीओपी

इस मामले पर मैनपुर एसडीओपी बाजीलाल सिंह ने बताया कि विधायक जनक ध्रुव को पुलिस प्रशासन ने पर्याप्त सुरक्षा प्रदान किया गया है. लेकिन आवास उपलब्ध कराना जिला प्रशासन का काम है. आज उनके सुरक्षाकर्मी थाना में पहुंचकर जानकारी दिए हैं कि विधायक जनक ध्रुव बैगर सुरक्षा के दौरे पर निकल गए हैं. एसडीओपी बाजीलाल सिंह ने कहा कि विधायक की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर है और इसकी सूचना देवभोग थाना में दे दी गई है.

#### प्रशासन ने दिया नियमों का हवाला

प्रशासन की ओर से एडिशनल कलेक्टर अरविंद पांडेय ने कहा कि आवास आवंटन नियम के मुताबिक एक ही जगह आवास देने का प्रावधान है. अगर उन्हें राजधानी में आवास में दिया गया है तो जिले या ब्लॉक में नहीं दिया जा सकता. जिले में लेना हो तो उन्हें राजधानी के आवास को छोड़ना होगा.

## अदालत के कार्यक्रमों में खत्म हो पूजा, सिर्फ संविधान के आगे सिर झुकाएं: सुको जज

**नई दिल्ली,6 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट के जज अभय एस. ओका का कहना है कि अदालतों के आयोजनों में पूजा-अर्चना पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा किसी भी तरह के धार्मिक रीति-रिवाज का पालन अदालत के कार्यक्रमों में नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में संविधान को लागू हुए 75 साल पूरे होने वाले हैं और इस मौके पर हमें यह विचार करना चाहिए कि सिर्फ संविधान के आगे ही सिर झुकाएं। जस्टिस ओका ने कहा कि हमारे संविधान में सेकुलरिज्म की बात कही गई है। हमें इस बात को प्रमोट करना चाहिए और अदालती आयोजनों में संविधान की प्रस्तावना को नमन करना चाहिए।

जस्टिस ओका ने कहा, कई बार जज कुछ चुभने वाली बातें करते हैं। मैं भी आज थोड़ा चुभने वाली बात कहूंगा। मैं मानता हूं कि अदालतों के आयोजनों में पूजा-अर्चना पर रोक लगनी चाहिए। इसकी बजाय हमें कोर्ट के किसी भी आयोजन में संविधान की प्रस्तावना की एक तस्वीर रखनी चाहिए। वहां मौजूद सभी लोगों को उसके आगे ही सिर झुकाना चाहिए। संविधान के जब 75 साल पूरे होंगे तो हमें यह प्रैक्टिस करनी चाहिए। इससे लोगों का संविधान पर भरोसा मजबूत होगा। उसकी गरिमा में भी इजाफा होगा। सुप्रीम कोर्ट के जज ने ये बातें पिंपरी-चिंचवाड़ की अदालत की नई इमारत की आधारशिला रखते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए तो संविधान में लिखे सेकुलर और डेमोक्रेटिक शब्द बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, संविधान के 75 साल पूरे हो रहे हैं। डॉ. अंबेडकर ने हमें आदर्श संविधान दिया था। जिसमें सेकुलरिज्म का भी जिक्र है। भले ही हमारी अदालती व्यवस्था का गठन अंग्रेजों ने किया था, लेकिन इसका संचालन संविधान से होता है। संविधान ने ही अदालतों को दिया है। उन्होंने कहा कि मैं जब कर्नाटक हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस था तो मैंने वहां धार्मिक कार्यक्रमों पर रोक लगाने की कोशिश की थी, लेकिन पूरी तरह से ऐसा नहीं हो सका था। इसके आगे जस्टिस ओका ने कहा, मैं जब कर्नाटक में था तो कई बार मैंने कोशिश की थी कि ऐसी चीजों पर रोक लगा दी जाए। लेकिन पूरी तरह ऐसा कर पाने में असफल रहा। अब संविधान लागू होने के 75 साल पूरे हो रहे हैं। ऐसे में यही अवसर होगा कि हम अदालत परिसर में होने वाले आयोजनों में पूजा-अर्चना को रोक सकें और सेकुलरिज्म को मजबूत करते हुए संविधान के आगे सिर झुकाएं।

## दुश्मन के घर पहुंचे जयशंकर

### सेमीकंडक्टर के क्षेत्रों में साझेदारी के विस्तार को लेकर भारत के इरादे किए साफ

**नई दिल्ली,6 मार्च।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताए-यूल ने बुधवार को सियोल में 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक की अध्यक्षता की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, व्यापार और व्यापार क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की। बैठक के दौरान, जयशंकर और चो ताए-यूल ने इंडो-पैसिफिक में विकास और क्षेत्र में चुनौतियों के लिए भारत और दक्षिण कोरिया के अभिसरण पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी बात की। एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि सियोल में दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताए-यूल के साथ एक व्यापक और सार्थक 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की गई। बातचीत में हमारे विस्तारित द्विपक्षीय संबंधों, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई। व्यापार और व्यापार, लोगों का लोगों के बीच आदान-प्रदान और सांस्कृतिक सहयोग। त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की भी बात की। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकास, क्षेत्र में चुनौतियों के प्रति हमारी सहमति और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध ÷मजबूती से मजबूत÷ हो गए हैं। दोनों देशों को एक-दूसरे के लिए ÷महत्वपूर्ण÷ भागीदार बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत और दक्षिण कोरिया ने व्यापार, निवेश और रक्षा में लगातार वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आपने देखा, पिछले साल हमने अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मनाई थी।

## वापसी पक्की, उड़ी हुई है विपक्षी नेताओं की नींद: मोदी

**कोलकाता,6 मार्च।** पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में अपनी महिला रैली के दौरान अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन की शुरूआत भारत माता की जय, जय मां काली, जय मां दुर्गा, जय मां दुर्गा से की। मोदी ने कहा कि आज का ये विशाल कार्यक्रम इस बात का साक्षी है कि भाजपा कैसे नारीशक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही है। 9 जनवरी को भाजपा ने देश में 'नारीशक्ति वंदन अभियान' शुरू किया था, इस दौरान देश भर में लाखों स्वयं सहायता समूहों से संवाद किया गया। आज यहां पश्चिम बंगाल में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनों का इतना विराट सम्मेलन हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने वर्षों तक संगठन में काम किया है। इसलिए मुझे पता है कि इतना बड़ा राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करना हो, देश भर में 19-20 हजार स्थानों पर महिला समूह एक कार्यक्रम में जुड़े हों, ये हिंदुस्तान के सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी घटना है। उन्होंने कहा कि यहां आने से पहले मैं कोलकाता में एक कार्यक्रम में था। वहां मैनें भारत सरकार की अनेक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। आज एक साथ कोलकाता मेट्रो, पुणे मेट्रो, कोच्चि मेट्रो, आगरा मेट्रो और नमो भारत ट्रेन से जुड़े नए रूट्स का विस्तार हुआ है। देश के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को आधुनिक बनाना भारत सरकार की प्राथमिकता है।



मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि बीते 10 वर्षों में भाजपा ने बंगाल और देश के विकास के लिए बहुत ईमानदारी से प्रयास किया है। ऐसे काम को देखते हुए ही पूरा देश कह रहा है, पश्चिम बंगाल कह रहा है, हर माता, बहन कह रही है - अबकी बार NDA सरकार 400 पार! उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में NDA की वापसी पक्की देखकर, INDI alliance के सारे नेता बौखला गए हैं। इस इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारी लोग आजकल मेरे परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खुद का परिवार ही नहीं हैं, इसलिए मैं परिवारवाद के खिलाफबात करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरे देश की बहनें...यही तो मोदी का परिवार हैं। मोदी के शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण इसी परिवार के लिए समर्पित है। जब मोदी को कोई कष्ट होता है - तो यही माताएं-बहनें-बेटियां कवच बनकर खड़ी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान, हर बहन-बेटी कह रही है...मैं हूं मोदी का परिवार!

## शक्ति वंदन अभियान में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर, 06 मार्च** .मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित दुर्गा मैदान में आयोजित शक्ति वंदन अभियान में शामिल हुए इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदी भी उपस्थित हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही नारियों का सम्मान हो रहा है। वेदों में भी कहा गया है जहाँ नरियों की पूजा होती है वहाँ भगवान का वास होता है। मनोकामना की पूर्ति के लिए नारी शक्तियों की आराधना की जाती है। जैसे शक्ति प्राप्त करने के लिए माँ दुर्गा, वैभव- धन सम्पदा के लिए माता लक्ष्मी और ज्ञान की प्राप्ति के लिए माता सरस्वती की आराधना की जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं को सम्मान देने के लिए देश के शीर्ष पद पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति के रुप में विराजित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उ'जवला योजना जैसी विभिन्न योजनाए प्रारंभ की है.इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के चयनित लाभार्थियों को चेक वितरित किया



## पुलिस कॉलोनी में महिला की गला काटकर हत्या

**रायपुर,6 मार्च**



शहर के आमासिवनी पुलिस कॉलोनी में महिला की हत्या का मामला सामने आया है. महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई है. वारदात को अंजाम देने के बाद अज्ञात हत्यारा फरार हो गया है. पूरा मामला विधानसभा थाना क्षेत्र का है. मृतक महिला सुकमा में पदस्थ डॉग हैंडलर शिशुपाल सिंह की पत्नी है. जिसकी हत्या कर दी गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं.

जानकारी के मुताबिक मृतका का नाम जॉली सिंह है. जॉली की हत्या कैंची नुमा धारदार हत्या से की गई है. जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है. जॉली के पति शिशुपाल सिंह सुकमा पुलिस में पदस्थ है. जॉली सिंह रायपुर में अकेली रहती थी. जॉली की शादी के 12 साल बाद कोई बच्चा नहीं था. पुलिस के मुताबिक देर रात घटना की सूचना मिली थी. अभी तक जांच में यह बात सामने आई है कि जॉली सिंह कल आखिरी बार सात बजे देखी गई थी. उसके बाद घर के बाहर ताला लगा हुआ था. फोन लगाने और कई जगहों पर तलाशने पर कोई सूचना नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने घर का ताला तोड़कर देखा तो अंदर जॉली की लाश पड़ी हुई थी.

## एक नजर

### दो शातिर चोर गिरफ्तार



**भिलाई, 6 मार्च।** भिलाई स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से चोरी की हुई करीब तीन लाख रूपये की संपत्ति बरामद की है शहर स्मृतिनगर चौकी प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि इस दौरान मुखबीर सूचना एवं घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही नागेश्वर चंदेल उर्फ नागेश (19 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 11 वैशाली नगर को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की तो अपने एक अन्य सहयोगी हेमंत कुमार पटेल (23 वर्ष) निवासी वैशाली नगर के साथ मिलकर दीनदयाल कालोनी से त्रिलोक धनकर निवासी ग्राम कुसुमकसा डौण्डी जिला बालोद, देवेन्द्र सोनी, उमेश कुमार एवं प्रतिभा सहानी निवासी दीनदयाल कालोनी खम्हरिया चौकी स्मृतिनगर में चोरी करना स्वीकार किये उनके निशानदेही पर एक एलजी कंपनी का एलईडी टीवी 55 इंच, एक स्कूटी, 8 मो.सा. की बैटरी, दो मोबाइल, होम थियेटर व अन्य सामान जब्त किया गया।

### ताला तोड़कर घर में चोरी

**भिलाई, 6 मार्च।** भिलाई रानीतराई थाना क्षेत्र सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम निपानी निवासी भूपेन्द्र सिंह पटवारी पद पर कंदई तहसील साजा जिला बेमेतरा में पदस्थ है वर्तमान में समृद्धि विहार कालोनी बीजाभाठ बेमेतरा में परिवार के साथ निवास करता हूं माता पिता ग्राम निपानी में रहते हैं। माता का तबियत खराब होने से मकान का देखभाल परिचित कनेसर ठाकुर करता है कनेसर ठाकुर ने फोन कर जानकारी दी की मकान का ताला टुटा हुआ है सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी 5 हजार चोरी हो गई चोरी हुए सामानों की 45 हजार रुपए आंकी गई है मकान का ताला को हेक्सा ब्लेड से कटा हुआ था।

### युवक अवैध शराब बेचते गिरफ्तार

**भिलाई, 6 मार्च।** भिलाई अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है पाटन उतई ओर अम्लेश्वर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है अम्लेश्वर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खम्हरिया से सांकरा मार्ग पर दबिश देकर नरसिंग खुटेल 34 वर्षीय निवासी पानी टंकी के पास भाठापारा ग्राम राखी थाना पाटन को अवैध शराब बेचते गिरफ्तार किया इधर उतई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपित को पकड़ा ग्राम पौहा में रहने वाले अर्जुन ठाकुर ने गाड़ाडीह-काना कोट नहर के पास सफेद बोरी में शराब की बोतल रख अवैध रूप से बेच रहा था।

### सड़क हादसे में 3 घायल

**भिलाई, 6 मार्च।** भिलाई दुर्ग पाटन रोड पर सोमवार को सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए घटना दो बाइक टकराने की वजह से हुई पाटन पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है पाटन पुलिस के मुताबिक आवेदक भारत साहू ड्राइविंग का काम करता है वह ग्राम अरसनारा मोटर साइकिल से देवादा लौट रहा था इस दौरान गोपाल निर्मलकर उसके साथ पीछे बैठा डिवाइडर पार कर ग्राम देवादा की ओर टर्न हुए थे इस दौरान ही पल्सर बाइक सवार फलेंद्र ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी घटना में भारत गोपाल व आरापित फलेंद्र तीनों को चोट आई है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए त्रैमासिक जूट शिल्प प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उतरदायित्व विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के सहयोग से महिला सशक्तिकरण तथा नारी को आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्राम अंडा में त्रैमासिक जूट शिल्प प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन 04 मार्च को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयंत्र की महाप्रबंधक प्रभारी मैनेजमेंट सर्विसेस सुश्री समिधा गुप्ता द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सुश्री समिधा गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे सीएसआर कार्यों की सराहना की। इस कार्यशाला के तहत गांव की महिलाओं को जूट हस्तशिल्प की कुशल प्रशिक्षिका श्रीमती भानुमति बघेल द्वारा तीन महीने तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव की 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान सभी महिलाओं को तीन महीने की अवधि तक 3,000/- रुपये मासिक स्टाइपेड मानदेय भी दिया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर सुशील कामड़े ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए विभागीय गतिविधियों पर प्रकाष डाला।

### मोदी की गारंटी आम जनता के साथ कर रही है छलावा: वालदे

**भिलाई।** मोदी की गारंटी आम जनताओ के साथ कर रही है छलावा युवा काँग्रेस महासचिव मोहित वालदे कहा महतारी वंदन योजना के नाम पर दुर्ग जिला के माताओ बहनो से धोकाधडी कर रही है राज्य की एवं केंद्र की मोदी की गारंटी भाजपा सरकार दुर्ग जिला पर महिला माता बहने की संख्या 708020है जिस तरह महतारी योजना विधानसभा के चलते भारतीय जनता पार्टी मोदी के गारंटी तहत हर माता बहनों को मिलना था लेकिन आज दुर्ग जिले के माता और बहनों के साथ बडी छल किया जा रहा है दुर्ग जिले की महिला की संख्या पर नजर डाले तो सात लाख आठ हजार बीस है जिनमे गरीब परिवार की माताओ बहनों की हितग्राही संख्या पाच लाख के आसपास होना चाहिये मोदी की गारंटी के तहत विधानसभा पर बडी मात्रा पर फार्म भरकर माता व बहनो को लूभाने का कार्य किया गया लेकिन वर्तमान पर बडी मात्रा वार्डो के माध्यम से आंगनवाडी के केंद्र द्वारा फार्म के माध्यम से आवेदन पत्र पात्र एवं अपात्र काभी सभी माता और बहनो का फार्म भरवा कर लिया गया ।

# सरस मेला बना मील का पत्थर,45 लाख रुपए से अधिक का व्यवसाय हुआ आठ दिनों में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,6 मार्च।** विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री गृह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सकारात्मक पहल का असर दिखने लगा है। कबीरधाम जिले में पहली बार आयोजित 10 दिवसीय क्षेत्रीय सरस मेला में जिले वासियों ने बम्पर खरीदी की है। 10 दिवसीय मेला 26 फरवरी से प्रारंभ होकर 6 मार्च तक पीजी कॉलेज ग्राउंड कवर्धा में चल रहा है। मात्र 8 दिनों में ही मेले में 45 लाख रुपए से अधिक की खरीदी जिले वासियों द्वारा विभिन्न स्टालों से की गई है। उल्लेखनीय है कि सरस मेला में लगभग 200 स्टाल लगाए गए हैं जिसमें महिला स्व सहायता समूह के द्वारा विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही क्राफ्ट मेला एवं स्वदेशी मंच एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के स्टाल लगे हैं। समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्रियां जैसे काजू उत्पादन जीरा फुल चावल उत्पादन अचार पापड़ निर्माण टोकनी निर्माण बिस्किट्स सहित अन्य दैनिक उपयोग के घरेलू वस्तुओं का विक्रय मेले के माध्यम से किया जा रहा है जो मेले में आने वाले लोगों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम जनमेजय महोबे ने बताया कि समूह द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल की रौनक देखते ही बन रही है। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों में चीला चौसेला फराह साबूदाना बड़ा मुंगोड़ी भजिया तथा चाइनीस पकोड़ा के साथ दोसा पाव भाजी चाऊमीन आदि के स्वादिष्ट व्यंजन लोगों की पसंद बनी हुई है यही कारण है कि फूड स्टॉल में लगातार भीड़ बनी रहती है। पॉपकॉर्न बनाने वाले समूह द्वारा प्रत्येक दिन लगभग 6 से 7 हजार रुपए का व्यवसाय किया जा रहा है जो अपने आप में उल्लेखनीय है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आगे कहा कि सरस मेले से ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने वाली महिला स्व सहायता समूह को बेहतर अवसर मिला है कि वह अपने उत्पादों को आम जनता तक सीधे पहुंच रही है। उत्पादों की गुणवत्ता के कारण लोगों ने इसे हाथों हाथ लिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने चर्चा करते हुए बताया कि मेला प्रारंभ से व्यवसाय धीरे-धीरे बढ़ता गया और आठवें दिन 45 लाख रुपए से अधिक का व्यवसाय हो गया है।उम्मीद की जा रही है कि मेले के बचे दो दिनों में यह व्यवसाय 50 लाख रुपए से अधिक हो सकता है।मेला 6 मार्च तक चलेगा तथा मेले में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए मनोरंजन के साथ घरेलू सामग्रियों का प्रदर्शन लोगों को अपनी ओर खींच रहा है।

# निगम ने 14 दुकानों को किया सील



**भिलाईनगर।** भिलाई निगम के राजस्व अमले ने कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला में मंजीत सिंह बग्गा के 6 दुकानो तथा स्मृति नगर मे श्यामा चरण पाण्डेय के 8 दुकान को संपत्तिकर की राशि नही पटाये जाने के कारण सील बंद किया। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर संपत्तिकर विभाग द्वारा बकाया राशि की वसूली के लिए भवन स्वामी को विधिवत नोटिस के बाद कुर्की वारंट जारी कर जोन को निर्देशित किये है कि बकायादारो द्वारा निगम के देय करो का भुगतान नहीं किये जाने पर कुर्की की कार्यवाही कर बकाया राशि की वसूली की जाये। इसी क्रम में कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला में निवासरत मंजीत सिंह बग्गा के 6 दुकान जिसका संपत्तिकर बकाया राशि 6 लाख 82 हजार 3 सौ 32 रूपया तथा स्मृति नगर निवासी श्यामाचरण पाण्डेय के द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि 3 लाख 25 हजार 7 सौ 45 रूपया जमा नहीं करने के कारण उनके 8 दुकानों को जोन 1 सहायक राजस्व अधिकारी की टीम ने 14 दुकान को सील बंद किया है।

### अवकाश दिवस में खुले रहेंगे टैक्स काऊंटर

वित्तीय वर्ष समाप्ति पर निगम द्वारा भवन स्वामियों को सुविधा प्रदान करने के लिए निगम मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के संपत्तिकर काउन्टर अवकाश दिनो में खुले रखने के निर्देश आयुक्त ने वसूली एजेंसी को दिये है। नागरिक अवकाश अवधि में भी निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर निगम संबंधी देय करो का भुगतान कर सकते है।

### नशामुक्ति अभियान पर कलेक्टर ने की सामाजिक संस्थाओं से चर्चा



**दुर्ग, 6 मार्च।** दुर्ग के कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 27 फरवरी 2024 को दुर्ग जिला कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश पर नशा मुक्ति अभियान पर बैठक रखा गया गया था । बैठककी अध्यक्षता दुर्ग जिला कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के द्वारा किया गया । बैठक में में दुर्ग पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी,गायत्री परिवार दिया संगठन, कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र, ब्रम्हाकुमारी के साथ-साथ अन्य सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित थे। बैठक में गायत्री परिवार के द्वारा स्कूल कॉलेज, स्लम एरिया में नुक्कड़-नाटक,पोस्टर, रैली, भाषण के द्वारा नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प पर चर्च की गयी । बैठक में भारत सरकार और गायत्री परिवार द्वारा किये गए एम ओ यू पर भी चर्चा की गयी जिसमें, युवा संगठन दिया छत्तीसगढ़ के द्वारा स्कूल, कॉलेज और सभा स्थान पर प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्य करने की योजना बनाई गई । कलेक्टर रिचा प्रकाश आज की युवा पीढ़ी को नशा से होने वाले दुष्परिणाम व नशा से कैसे बच सकते हैं ,आज के युवा पीढ़ी को बचाने का कार्य योजना को विस्तृत रूप से बताया । कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र शुक्ला, डॉ जे.पी. मेश्राम जिला स्वास्थ्य अधिकारी, गायत्री परिवार से डॉ. पी. एल. साव, डॉ योगेंद्र कुमार, ब्रह्मकुमारी से बेनी भाई, कल्याणी नशामुक्ति केंद्र से अजय कल्याणी के साथ समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थिति थे।

# बाबा की बारात से पहले खुर्सीपार में हुआ जोरदार संगीत संध्या कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई खुर्सीपार में बाबा की बारात से पहले संगीत संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संगीत संध्या में भजन सम्राट दिलीप षड़ंगी अपनी टीम के साथ परफॉर्मेंस दिए। आमा पान की पतरी से लेकर प्रसिद्ध गानों को उन्होंने गाया । जिसमें श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए। खुर्सीपार में संगीत संध्या पर जोरदार माहौल बन गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुमन कन्नौज ने किया। आयोजक दया सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के महापौर नीरज पाल, बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश बीचपूरिया, लक्ष्मीपति राजू , रिसाली निगम सभापति केशव बौछार, पार्षद सत्यादेवी जेसवाल ,लक्ष्मी साहू, लक्ष्मी दिवाकर,वीना चंद्राकर, गिरजा बौछार , सरिता बघेल संजय सिंह, विनोद चेलक एवं तमाम जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। हजारों भक्त लोगों ने संगीत संध्या में जमकर भक्ति का आनंद लिया और आयोजन के 16 वर्ष को और भी भव्य बना दिया। 8 को भव्य बारात, बनेगा माहौल, बनेगा इतिहास- दया आयोजक दया सिंह ने बताया कि 8 मार्च को मध्यभारत की सबसे बड़ी भोले बाबा की बारात निकलेगी। आकर्षक झांकी होगी। धुमाल-डीजे में बजेंगे भजन। जिसमें झूमेंगे हजारों-लाखों श्रद्धालु। प्रदेशभर के राजनेता आएंगे। प्रदेश के प्रसिद्ध सिंगर आएंगे। एक से बढ़कर एक झांकी देखने को मिलेगी। यह ऐतिहासिक होगा। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा यह आयोजन कराया जा रहा है। इसलिए बाबा की बारात होगी भव्य आईपीएल की तरह आतिशबाजी- 8 मार्च को भिलाई में निकलेगी भोले बाबा की बारात पहली बार आई.पी.एल. (क्रिकेट) की तर्ज पर फायर शो, लेजर शो होगा। आसमान में हर हर महादेव, जय श्रीराम और बोल बम के जयकारें दिखेंगे, केरल की झांकियां में शिव विवाह, देवी-देवताओं के होंगे दर्शन। क्या रहेगा आकर्षण- ओडिशा का विशेष आकर्षण सम्बलपुर का धमालपुरी (माँ संतोषी)।

### भिलाई इस्पात मजदूर संघ को प्रदर्शन में महिला कर्मचारियों का मिल रहा समर्थन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने भिलाई इस्पात कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूर्ण कराने के लिए उच्च प्रबंधन का ध्यान आकर्षित करने हेतु 6 मार्च को बोरिया गेट पर होने वाले विशाल जंगी प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों के बीच जनसंपर्क अभियान प्रारंभ कर दिया है। महामंत्री चन्ना केशवलू के नेतृत्व में भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकापदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ आज सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सेक्टर 9 अस्पताल में महिला कर्मचारियों से सम्पर्क कर 6 मार्च को बोरिया गेट के बाहर भिलाई इस्पात मजदूर संघ द्वारा किए जाने वाले विशाल जंगी प्रदर्शन में शामिल होने हेतु आग्रह किया और प्रदर्शन के मुद्दों की जानकारी पर्चा वितरण के माध्यम से कर्मचारियों को दी जिस पर कर्मचारियों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। 2017 से लंबी वेतन समझौता पूर्ण न होने एवं कर्मचारियों का 39 महीना के एरियर्स के भुगतान पर प्रबंधन के मना करने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है कर्मचारियों ने कहा कि प्रबंधन के इस तरह के एक तरफा फैसला का विरोध करने का निर्णय लेकर भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने संयंत्र कर्मचारियों के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता दोहराई है। कर्मचारियों का कहना था कि वेतन समझौता पूर्ण न होने से रात्रि पाली भत्ता, और इंसेंटिव स्कीम रिवाइज ना होने के कारण हर महीने हजार रुपए का नुकसान हो रहा है एक तरफ एरियर्स का भुगतान न होने से कर्मचारी पहले ही लाखों रुपए के नुकसान में है और 7 वर्ष बाद भी वेतन समझौता पूर्ण न होने से अन्य भत्तो के नुकसान की भी राशि लाखों रुपए हो चुकी है एक तरफ प्रबंधन एच आर ए वृद्धि नहीं कर रहा है और नया एच आर ए आवेदन भी स्वीकृत नहीं हो रहा है और टाउनशिप के आवासों की स्थिति अत्यंत दयनीय है कंप्लेंट करने पर समय पर मेंटेनेंस कार्य भी नहीं होता है प्रबंधन को चाहिए या तो नई आवासीय कॉलोनी बनाएं अथवा सभी को एच आर ए देना शुरू करे अभी आवास को सुव्यवस्थित रहने योग्य बनाने के लिए कर्मचारियों को अपने पास से लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं भिलाई इस्पात मजदूर संघ की तमाम मांगों के साथ सभी कर्मचारियों ने खड़े रहने की सहमति प्रदान की चन्ना केशवलू ने कहा कि जब तक वेतन समझौते के लिए आंदोलन में शामिल कर्मी रामकेश मीणा और पवन देशवाल का स्थानांतरण भिलाई इस्पात संयंत्र में वापस नहीं हो जाता संयंत्र कर्मचारियों की जायज मागे प्रबंधन नहीं मानता तब तक यूनियन अपने संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी एचएसएलटी कर्मचारियों की मांगों को भिलाई इस्पात प्रबंधन वर्षों से लंबित रखा है जिसके लिए भी यूनियन अपना संपूर्ण प्रयास करेगी संपर्क अभियान लगातार जारी ।

# दुर्ग लोकसभा में अबकी बार 6 लाख पार :बिचपुरिया



**दुर्ग, 6 मार्च।** दुर्ग विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष और लाभार्थी संपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक ब्रजेश बिचपुरिया मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए और सभी जिम्मेदार पदाधिकारियो को संबोधित करते हुए उन्होंने आवाहन किया कि हम सबको मिलकर इस लोकसभा चुनाव में दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल को 6 लाख से ज्यादा मतों से विजय दिलाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करना है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो सपना अबकी बार 400 पार का है उसे छत्तीसगढ़ की 11 की 11 लोकसभा सीट को जीताकर पूरा करना है और उन्हें भेंट स्वरूप देना है साथ ही साथ ब्रजेश बिचपुरिया जी ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर भारतीय सम्मेलन के लिए कार्यकर्ताओं के बीच प्रदेश से आया हुआ पोस्टर भी लॉन्च किया कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती माया बेल चंदन जी उपस्थित रही साथ ही साथ प्रमुख रूप से जिले के महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाधेय जी, दिनेश देवांगन, महिला मोर्चा दुर्ग की अध्यक्ष दिव्या कलहरे ,प्रकाश साहू ,चारों मंडल के अध्यक्ष मदन वाढई मंडल अध्यक्ष गंजपारा सदर, विजय ताम्रकार मंडल अध्यक्ष चंडी शीतला ,डॉ सुनील साहू मंडल अध्यक्ष बोरसी-कसारीडीह,सुनील अग्रवाल मंडल अध्यक्ष सिकोला पटरीपार साथ में बड़ी संख्या में जिले के पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारी युवा मोर्चा महिला मोर्चा एवं अन्य मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## शहर महिला अध्यक्ष रानू दुबे 8 मार्च को वार्डो में महिला कांग्रेसजनों से करेंगी मुलाकात



**कवर्धा, 6 मार्च।** शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रानू दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष सम्मानिया श्रीमती अल्का लांबा जी,प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीया श्रीमती फूलो देवी नेताम जी,प्रदेश महिला कांग्रेस प्रभारी सुनीता सहरावत जी के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर,भारत जोड़ो न्याय यात्रा अंतर्गत नारी सम्मान न्याय यात्रा तहत वार्ड नं 01 में दिनांक 8 मार्च को महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओ,वार्ड के कांग्रेस जनो से मुलाकात कर ,नए सिरे से कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने की प्रयास की बाते कही.प्रेस विज्ञप्ति में रानू दुबे ने कहा कि पूर्व में कवर्धा में शहर महिला कांग्रेस की पूरी टीम ने निरंतर मेहनत संघर्ष की है,,परंतु विधानसभा चुनाव परिणाम उल्टा आने से सभी कार्यकर्ताओ का मनोबल कमजोर हो चुकी है,,इस वजह से कार्यकर्ताओ के घर में जाकर मुलाकात कर हौसला अफजाई करने की भरपूर कोशिश करूंगी,,और पार्टी को मजबूत करने की प्रयास करूंगी।

## लोकसभा में शतप्रतिशत कमल खिलेगा :दिनेश चंद्रवंशी



**कवर्धा, 6 मार्च।** सांसद संतोष पांडेय को टिकट मिलने पर प्रतिक्रिया देते हुए कवर्धा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि और सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने कहा की दो लाख मतो से भाजपा जीतेगी और राजनांदगांव लोकसभा में कमल खिलेगा । छत्तीसगढ़ राज्य में सभी ग्यारह संसदीय सीट पर कांग्रेस की हार तय है और पूरा छत्तीसगढ़ भाजपा क्योंकि पीएम मोदी की विकास की नीतियों से गरीब परिवार , किसान , महिलाए और युवा खुश है ।

## वार्ड-14 में पक्के मार्ग का भूमिपूजन



**जामुल, 6 मार्च।** नगर पालिका जामुल में विकास कार्य अनवरत रूप से जारी है। इसी तारतम्य में वार्ड क्र. 14 में आठ लाख पचास हजार रूपये के सीमेंटीकरण मार्ग का भूमिपूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। भूमिपूजन अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि जामुल पालिका के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के अनुरूप विकास कार्य लगातार जारी है। साथ ही वार्ड पार्षद एवं आम जनता के अपेक्षा अनुरूप कार्य कराये जा रहे है। जिसका सीधा लाभ सभी को मिलेगा। साथ ही प्रत्येक वार्ड में जैसे-जैसे मांग आ रहा है। उसकों पालिका में अधिकारियों द्वारा तत्काल सर्वे किया जा रहा है एवं प्राक्कलन तैयार कर कार्य योजना बनाया जा रहा है। जिसके आधार पर जामुल में विकास कार्य लगातार जारी है। भूमिपूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद राम दुलार साहू] लल्लन सिंह, अश्वनी यादव, अजय साहू, धनेश्वरी साहू, पुष्पा पांडेय, सरिता बंजारे, विजय सिंह, मंजू यादव, कविता शर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित थें।

# हमें ऊर्जा संरक्षण की दिशा में निर्णायक कदम उठाना होगा:चौबे




**भिलाई, 6 मार्च।** भिलाई स्थित इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया द्वारा रविवार दिनांक 3 मार्च 2024 को ऊर्जा संरक्षण - समय की आवश्यकता विषय पर एक तकनीकी चर्चा का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बी एम के बाजपेयी पूर्व कार्यपालक निदेशक (वर्क्स), भिलाई इस्पात संयंत्र एवम विशिष्ट अतिथि पी के तिवारी, पूर्व अध्यक्ष इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई थे। विशिष्ट अतिथि वक्ता के रूप में अरविंद रस्तोगी, प्रमुख टेक्नोवेशन ग्रुप, भिलाई एवम राहुल गुप्ता सहायक अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा अभिकरण क्रेडा उपस्थित थे।कार्यक्रम के आरम्भ में ऊर्जा संरक्षण के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स की भिलाई शाखा के अध्यक्ष श्री पुनीत चौबे ने कहा की ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीनहाउस गैस के दुष्प्रभाव एवं पर्यावरण विनाश को नियंत्रित करने हेतु हमें ऊर्जा संरक्षण की दिशा में निर्णायक कदम उठाना होगा। उन्होंने कहा की ऊर्जा संरक्षण के द्वारा हम ना केवल पर्यावरण असंतुलन की चुनौतियों का सामना कर पाएंगे बल्कि ऊर्जा की बचत करके हम धन की बचत भी कर पाएंगे।मुख्य अतिथि बी एम के बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी देशों के आर्थिक विकास का पैमाना जी डी पी दर की वृद्धि से तय करते हैं यह अच्छी बात है, ठीक उसी प्रकार हम प्रत्येक देश का आंकलन उनके द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में न्यूनतम निर्धारित मापदंड प्राप्ति पर हो द्य श्री बाजपेई ने भिलाई इस्पात संयंत्र में व्यर्थ जा रही ऊर्जा को उपयोगी ऊर्जा में परिवर्तित किए जाने के लिए किए गए उपाय एवं अनुभव साझा किए । उन्होंने इस्पात उत्पादन में ऊर्जा की खपत को निरंतर कम करने के प्रति प्रयासों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र में हेलमेट लागू करने के अपने प्रयास, उस समय आई दिक्कतों और तात्कालीन जिला प्रशासन से मिले सहयोग का उदाहरण देते हुए बताया कि सकारात्मक कार्य में सदैव सभी का सहयोग मिलता है। श्री बाजपेई ने सरकार द्वारा राजस्थान एवम गुजरात की मरू भूमि में सौर ऊर्जा के बड़े संयंत्र स्थापित करने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह तकनीकी तौर पर एक अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा की ऊर्जा संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करने के साथ ही जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।विशिष्ट अतिथि वक्ता श्री अरविंद रस्तोगी, प्रमुख, टेक्नोवेशंस ग्रुप भिलाई ने जीवन व्यवस्था में बदलाव से ऊर्जा संरक्षण ÷* विषय पर रोचक प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने घर की रसोई से लेकर ऊर्जा उत्पादन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक में ऊर्जा अपव्यय और उनके बचत की संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। श्री रस्तोगी ने वर्तमान परिदृष्य में बढ़ते डिजिटल उपयोग, क्रिप्टो करेंसी माइनिंग, सॉफ्टवेयर विकास आदि क्षेत्र में ऊर्जा और जल के खपत की जानकारी दी जिस पर अभी कोई चिंतन नही हो रहा है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के अपव्यय को रोकने और उससे होने वाली ऊर्जा खपत की जानकारी साझा कर जल के सकारात्मक उपयोग पर बल दिया। श्री अरविंद रस्तोगी ने आंकड़ों की तुलना कर बताया कि आज भी रेल की यात्रा में सबसे कम ऊर्जा की खपत होती है जबकि हवाई यात्रा में सर्वाधिक ऊर्जा खपत होती है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा एक क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलती है किंतु इससे विद्युत ऊर्जा की खपत बढ़ रही है तथा विद्युत ताप बिजली घर के द्वारा कार्बन उत्सर्जन बढ़ेगा।

श्री रस्तोगी ने कहा यदि हम इलेक्ट्रिक वाहनों को सही मायने में नवीकरणीय ऊर्जा से चला सके तब यह व्यवस्था सही मायनो में सफल कहलाएगी ।

विशिष्ट अतिथि वक्ता श्री राहुल गुप्ता सहायक अभियंता क्रेडा, रायपुर ने अपने प्रस्तुतिकरण में भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के पी ए टी योजना के बारे में बताया की ऊर्जा खपत मानदंडों के पालन से प्राप्त ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र को व्यापार योग्य उपकरण में परिवर्तित कर दिया जाता है। उन्होने बताया की लोगों के जीवन स्तर को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशीलता बनाने हेतु चार पहल तय की गई थी जिनमें पी ए टी उसका एक हिस्सा है। श्री गुप्ता ने यह भी बताया की ऊर्जा संरक्षण उपायों को लागू करने में छत्तीसगढ़ संपूर्ण भारत में ऊर्जा संरक्षण में दूसरे स्थान पर है जो हमारे लिए गर्व का विषय है । उन्होंने दुरूह ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के माध्यम से सोलर पंप, अस्पताल स्कूल तथा अन्य जरूरी गतिविधियों के लिए बिजली प्रदान किए जाने की जानकारी दी। श्री गुप्ता ने अपने सेवाकाल के शुरुआत में दंतेवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्र में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली पहुंचने और लोगों की प्रसन्नता को अपने जीवन का एक अविस्मरणीय पल बताया। उन्होंने सौर ऊर्जा के विस्तार और इन प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र की जनता की सहूलियत में बेहतरी लाने के प्रयासों को सविस्तार समझाया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री बी पी यादव, कार्यकारिणी सदस्य, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई शाखा के सम्मानित सदस्यगण, भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल रिफ्रेक्टरी यूनिट, सी ई टी, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर, बी आई टी दुर्ग, रूंगटा कॉलेज, प्रिज्म कॉलेज एवम शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्रोफेसर नागेंद्र त्रिपाठी ने दिया।

## एक नजर

### कलेक्टर ने पसान में सीएम आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

**कोरबा 6 मार्च।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के 09 मार्च को प्रस्तावित आगमन की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री सरोज महिलांगे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के पसान में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम हेतु चिन्हाकिंत स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी और कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, पंडाल, बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, बेरिकेडिंग, विद्युत, शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने हैलीपेड में फायर ब्रिगेड सहित सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री साय का जिले के पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पसान में 09 मार्च 2024 का आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ो को आशीर्वाद देंगे।

### महापौर ने किया निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण

**कोरबा 6 मार्च।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 16 ढोढीपारा में अप्पू गार्डन ढोढीपारा के उपस्वास्थ्य केन्द्र से होते हुए केनाल तक बनने वाले नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने वहाँ के नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्री प्रसाद ने सड़क, नाली व साफ सफाई जैसी मौलिक सुविधाओं से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराने व इनसे संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होने इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने नाला निर्माण में नाले के ऊपरी भाग की कवरिंग की ऊंचाई अधिक होने के कारण लोगों को आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, इनकी शिकायत पर महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को स्लेब ऊंचाई मेनटेन करने निर्देशित किया, जिससे लोगों के आवागमन में सुविधा हो सके तथा नाला निर्माण में प्रापर स्लोप तथा क्यूरिंग प्रापर ढंग से करने निर्देशित किया। कार्य की गुणवत्ता तथा समय सीमा पर कार्य पूर्ण हो सके, इसका ध्यान देने अधिकारियों से कहा। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद मनकराम साहू, शालु पनरिया, गौतम राठौर, मुकेश साहू, फागूराम साहू, मोहनलाल देवांगन, आलोक देवांगन आदि के साथ काफी संख्या वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।

### शराब पीकर व ओवर स्पीड वाहन चलाने पर 106 का लाइसेंस निलंबित

**कोरबा 6 मार्च।** शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट एवं धारा 304 ए के तहत 106 लोगों के विरूद्ध पुलिस ने लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की है। इसके तहत पहले तीन माह तक लाइसेंस निलंबित रहेगा, उसके बाद दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना-चैकी के मुख्य मार्ग, चैक चैराहों में पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी कड़ी में थाना- चैकी एवं यातायात द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। जांच के दौरान 68 लोग शराब पीकर वाहन चलाते हुए मिले। इसी तरह सात लोग को ओवर स्पीड वाहन चलाने, 28 लोगों के विरूद्ध बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने तथा धारा 304 के तहत तीन लोगों का लाइसेंस निरस्त किया गया। इसके साथ ही अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए 22 प्रकरणों में लगभग 35 हजार रूपये वसूले। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा पेट्रोलिंग किया गया। पैट्रोलिंग के दौरान मुख्य चैक चैराहा एवं भीडभाड़ वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया। गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वहां चलने वाले पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए विशेष अभियान को चलाते हुए वाहनों की जांच की गई। साथ ही चालकों को समझाइश दी गई कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं और ना ही शराब पीकर वाहन न चलाए। साथ ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन न चलाने दे।

### शहर में प्रवेश करने वाले 24 वाहनों पर लगाई 7100 की पेनाल्टी

**कोरबा 6 मार्च।** काफी समय से चल रही अंधेरगर्दी पर लगाम कसने के लिए पुलिस अब एक्शन मोड पर है। रात में पुलिस ने अभियान चलाने के साथ 24 वाहनों पर 7100 रुपये की पेनाल्टी लगाई। इन वाहन चालकों द्वारा बाइपास का उपयोग करने के बजाय शहर के भीतर से निकल रहे थे। थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने विभिन्न स्त्रोतों से जानकारी एकत्र की, तो पता चला कि रात में भारी वाहनों की आवाजाही शहर के भीतर से होती है और इस वजह से न केवल नियम टूटते हैं बल्कि हादसों का खतरा भी बना होता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तिल्दा में हुआ सशक्त नारी समागम

## महिलाओं ने कहा मंत्री नहीं बड़े भाई की तरह लगते हैं टंकराम वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 6 मार्च।** राजधानी के विकासखंड तिल्दा-नेवरा में आयोजित सशक्त नारी समागम में मंत्री टंकराम वर्मा का अनोखा अंदाज देखने को मिला। आयोजन में पहुंचते ही मंत्री वर्मा मंच में न जाकर दर्शक दीर्घा में बैठे। सभी महिलाओं से सीधा मुलाकात किए और सभी महिलाओं का हाल चाल जाना। मंत्री वर्मा के अपनत्व की भावना को देखकर महिलाओं ने कहा कि मंत्री होने के बावजूद पारिवारिक सदस्य के रूप में मंत्री वर्मा हमारे बीच मौजूद रहते हैं। सभी का कुशलक्षेम जानते हैं। हमें मंत्री टंकराम वर्मा बड़े भाई की तरह लगते हैं। विदित हो कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस उपलक्ष्य में 2 दिन पूर्व तिल्दा में जिला प्रशासन रायपुर के ओर से सशक्त नारी समागम का आयोजन किया गया। नेवरा के बीएनबी स्कूल परिसर में तिल्दा क्षेत्र के दो हजार से अधिक महिलाओं ने कार्यक्रम में सहभगिता दी। इस आयोजन में सुबह से अलग-अलग महिलाओं की टीम कबड्डी, रस्सा खींच, कुर्सी दौड़ सलाद सजाओ जैसे विविध प्रतियोगिता में भाग ली। गीत संगीत में रंग झरोखा का आयोजन किया गया था। मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि की आप सभी मातृ शक्ति के निस्वार्थ स्नेह ने मुझ जैसे आम आदमी को जिला पंचायत सदस्य और फिर विधायक और मंत्री बनाया गया है। जो कुछ भी हूं आप सभी मातृ शक्ति के आशीर्वाद से हूं। आप सभी महिला शक्ति ने मुझे चुनाव में स्नेह रूपी वोट देकर यह बता दिया की बिना दारू और पैसा बांटे भी चुनाव जीता जा सकता है।



मंत्री टंकराम वर्मा ने घोषणा की कि तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में महतारी सदन के नाम से भव्य भवन निर्माण किया जाएगा। यहां माताएं, बहनें अपने सभी कार्यक्रम गतिविधि कर सकेंगी। बड़ा मैदान भी उस भवन में रहेगा इसमें खेलकूद और बड़े आयोजन भी महिला शक्ति कर सकेंगी। बिजली पानी, शौचालय जैसी पूर्ण सुविधा रहेगी। इस आयोजन में सम्मिलित महिलाओं का सम्मान गमछा और फूल भेंट कर किया गया। सम्मान समारोह में क्षेत्र के 17 उत्कृष्ट महिलाओं का सम्मान किया गया। इनमें तहसीलदर ज्योति मशियारे, स्वास्थ के क्षेत्र में डॉ. उमा पैकरा, ममता सुनानी एवं विविध क्षेत्र में कला साहित्य शशि दुबे, पुष्पा वर्मा, सीमा शर्मा पत्रकारिता, जैसे महिलाओं का सम्मान किया गया। डॉ. ज्योति वाधवा,डॉ. आशा भट्टर,डॉ. अल्का सुना,डॉ. सुमन हरिरमानी, मंजू तिवारी,सुधा डहरवाल,मधु राजपूत,मोना शर्मा,निलिमा वर्मा नैना रोहरा ,पूनम वर्मा ,प्रिया राठी सरिता चंदानी ,सविता वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में मंत्री टंकराम ने उपस्थित महिलाओं के साथ भोजन किया। सभी महिलाओं को भोजन कराया गया। इस आयोजन में संचालक खेल कूद एवं युवा कल्याण के तनुजा सलाम, उप संचालक हेमंत कुमार , खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर से प्रवेश जोशी तिल्दा एसडीएम प्रकाश टंडन, , आदि उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन योजना से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर,नहीं रहेंगी दूसरों पर निर्भर

■ महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र प्रत्येक महिलाओं को उनके खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए और साल भर में 12 हजार रूपए डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से मिलेंगे।

**कोरबा 6 मार्च।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित होने जा रही है। इस योजना का लाभ मिलने से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत व आत्मनिर्भर बनेंगी। वह खुद की और अपने परिवार की छोटी-मोटी जरुरतों के लिए अब दूसरों के भरोसे नहीं रहेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र प्रत्येक महिलाओं को उनके खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए और साल भर में 12 हजार रूपए डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से मिलेंगे। पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम अमझर निवासी संगीता यादव (31 वर्ष) का नाम भी महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची में दर्ज है। इस योजना को लेकर उत्साहित संगीता यादव ने कहा कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण में सहयोग करती है, उसके पति राजेंद्र यादव मिस्त्री का काम करते हैं। महतारी वंदन योजना से हर महीने एक-एक हजार रुपए मिलने से उनको बड़ी राहत मिलेगी। अभी उसकी आमदनी इतनी नहीं है कि वह कुछ पैसे की बचत कर सके लेकिन महतारी वंदन से मिलने वाली राशि को वह अब बचत के रूप में बैंक में जमा करेगी ताकि भविष्य में उसके परिवार के लिए काम आ सके। संगीता यादव ने महतारी वंदन योजना के लिए सरकार के प्रति आभार जताया। इसी तरह पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ही ग्राम तेलियामार पसान में रहने वाली श्रीमती स्नेहलता तिग्गा (38 वर्ष) ने कहा कि उसके पति रोहित तिग्गा मजदूरी करते हैं, बच्चे पढ़ाई कर रहें हैं इसलिए घर चलाने के लिए पति-पत्नी दोनों मजदूरी करते हैं। स्नेह लता ने कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि को वह अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेगी। उसने कहा कि महतारी वंदन योजना काफी अच्छी योजना है, इससे उसे और उसके जैसे अन्य दूसरी महिलाओं को भी आर्थिक मदद मिल सकेगी। महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है, जो प्रदेश की महिलाओं के लिए उनके आर्थिक स्वावलंबन का आधार बनेगा, यही कारण है कि इस योजना के लागू होने से महिलाएं उत्साहित और हर्षित हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने एनटीपीसी में एग्रीगेट प्लांट का किया शिलान्यास

**कोरबा 6 मार्च ।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एनटीपीसी कोरबा में फ्लाई ऐश आधारित फ्लाई ऐश-लाइम-जिप्सम एग्रीगेट प्लांट का शिलान्यास किया। यह हरित पर्यावरण की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नेत्रा (एनटीपीसी एनर्जी टेक्नोलाजी रिसर्च एलायंस) द्वारा शुरू की गई इस पायलट परियोजना का उद्देश्य तेजी से घटते प्राकृतिक संसाधनों से निकाले गए निर्माण पत्थर गिट्टी के उपयोग को कम करना है। 88रू12 के अनुपात में फ्लाई ऐश और चूना से बने पेटेंट कृत्रिम गिट्टी सामग्री शामिल है। इस गिट्टी का उपयोग किसी भी निर्माण कार्य के लिए किया जा सकता है और इसमें प्राकृतिक निर्माण पत्थर गिट्टी के अनुरूप संपीड़न शक्ति होती है। 22 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूरी होने वाली इस परियोजना के पूरा होने के बाद कोरबा में प्रतिदिन 100 क्यूबिक मीटर कृत्रिम गिट्टी सामग्री का उत्पादन होने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में लखन लाल देवांगन मंत्री वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम विभाग सहित एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख, कर्मचारियों, प्रमुख हितधारकों और अधिकारियों की भागीदारी रही।

# टीबी मरीजों के पोषण आहार सहयोग के लिए निक्षय मित्र ने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद 6 मार्च।** 5 मार्च को जिला कलेक्टर के सभागृह में समय सीमा बैठक हुई जिसमें कलेक्टर सर के मार्गदर्शन में जिलें के टीबी मरीजों को पोषण आहार सहयोग हेतु निक्षय मित्र (निक्षय मित्र-उपचाररत टीबी मरीज को उपचार पूर्ण होने तक अधिकतम 06 महीने तक पोषण आहार प्रदान करना) बनने के संबंध में आम नागरिक एवं अधिकारी/कर्मचारियों से अपील की गई। श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल महोदय, जिलाधीश एवं जिला दण्डाधिकारी बालोद के द्वारा एक टीबी मरीज को निक्षय मित्र बन कर फूड बॉस्केट दिया गया। इसी तारतम्य में डॉ. संजय कन्नौजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद, श्री चंद्रकांत कौशिक अतिरिक्त कलेक्टर, पूजा बंसल संयुक्त कलेक्टर, श्री सुक्रांत साहू कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालोद के द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण आहार दिया गया। आज बैठक में उपस्थित सभी विभाग प्रमुख के द्वारा निक्षय मित्र बनने के लिए सहमति जताई। जिससे जिला बालोद के सभी विकासखण्ड के सभी टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र बन कर पोषण आहार में सहायता किया जा सके। निक्षय मित्र के द्वारा खाने वाला तेल, फल्लीदाना, चना, दुग्ध पाउडर, सोयाबड़ी, गुड़, मिश्रित दाल आदि सामग्री टी.बी. मरीजों को 06 माह तक दिया जावेगा। आम नागरिकों से भी अपील किया गया है, कि निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों का सहयोग करें, ताकि जिला बालोद को 2025 में टीबी मुक्त किया जा सके।




# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचिया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 6 मार्च।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं श्रीमती निधि नाग एसडीओपी बलोदाबाजा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी शशांक सिंहके निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 05/03/2024 को थाना पलारी से प्रधान आरक्षक 1020 रोहित सिंह आरक्षक त्रिलोकी बघेल राकेश पाटले की पुलिस टीम द्वारा ग्राम पलारी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ? 3520 कीमत मूल्य का 32 पाव देशी मदिरा शराब कुल 5.76 बल्क लीटर शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र.153 /2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।




# कृषि विज्ञान केंद्र में दिया गया कृषकों को प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापार 6 मार्च।** कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा मे नेशनल फ़र्टिलाइजर्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख अंगद सिंह राजपूत द्वारा किसानों को उर्वरक प्रबंधन एवं जैविक कृषि के बारे में जानकारी दी गई। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक एस के भगत द्वारा यूरिया गोल्ड एवं ड्रोन तकनीक का कृषि में उपयोग एवं इसके फायदे के बारे में विस्तृत से जानकारी दी, साथ ही सलफर के उपयोग के बारे मैं किसानो को जानकारी दी गई। मृदा वैज्ञानिक प्रदीप कश्यप ने किसानों को मृदा परिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई तथा रासायनिक खाद का संतुलित मात्रा के उपयोग एवं संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के अंतर्गत सिटी कम्पोस्ट एवं जैव उर्वरक का फसलो में उपयोग करने की सलाह दी द्व उद्यानिकी विभाग के वैज्ञानिक श्रीमति सविता राजपूत ने किसानों को उद्यानिकी फसलो ससम्बंधित समस्याओं का निराकरण किया तथा जीवामृत के बारे में विस्तृत से जानकारी दी । कार्यक्रम का संचालन, कृषि विज्ञान केंद्र, के वैज्ञानिक प्रदीप कश्यप द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में किसान भाइयो को प्रश्नोत्तरी के आधार पर बेंटोनाइट सल्फर पैकेट का निशुल्क वितरण किया गया द्व कार्यक्रम में किसानों का आभार बृज किशोर सिंह जिला प्रभारी बलोदा बाज़ार द्वारा किया गया।



## जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर होगा महतारी वंदन सम्मेलन, कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में तैयारी के लिए दिए निर्देश

# महतारी वंदन योजना में जिले की 3 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में अंतरित होगी पहली किश्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 6 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 7 मार्च 2024 को महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमे राज्य शासन की महत्वकांक्षी महतारी वंदन योजना अन्तर्गत जिले के पात्र लगभग 3 लाख 20 हजार हितग्राहियों के खाते में पहली किश्त की राशि 1000 रुपये प्रति हितग्राही ऑनलाइन अंतरित की जाएगी। महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विकासखण्ड एवं नगरीय निकायों में भी होगा। जिला स्तरीय आयोजन बलौदाबाजार स्थित दशहरा मैदान में होगा। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन भी होगा। कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में महतारी वंदन सम्मेलन आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश अधिकारियों को दिये।



कलेक्टर श्री चौहान ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को जिला, विकासखण्ड एवं नगरीय निकयों में आयोजित होने वाले महतारी वंदन सम्मेलन स्थल पर केबल कनेक्टिविटी, विद्युत कनेक्शन, एलईडी प्रोजेक्टर, विडियो कैमरा, मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों एवं महिला हितग्राहियों के लिए बैठक व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 6 एवं 7 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु मेडिकल की टीम तैनात करने के निर्देश दिए हैं ताकि छूटे हुए लोग वहां आयुष्मान कार्ड बनवा सकें। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए हितग्राही को आधार एवं राशन कार्ड लाना होगा।

कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए जमीन की सहज उपलब्धता के लिए सभी तहसीलों में लैंड बैंक बनाने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलदार अपने तहसील में सरकारी जमीन का चिन्हांकन कर अपने आधिपत्य में लेकर रखें ताकि समय पर उसका उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत निक्षय मित्र के लिए वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ ही अधिकारियों को भी सहभगिता करने कहा ।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को सौंपा सहायता राशि का चेक



**बलौदाबाजार 6 मार्च।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगो के निकटतम परिजनों को कलेक्टर श्री के.एल.चौहान ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 - 4 के तहत 4- 4 लाख रुपये का सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इनमें ग्राम पनगांव निवासी बिन्दाबाई सहित 3 हितग्राही शामिल हैं ।इसके साथ ही कलेक्टर श्री चौहान ने ग्राम करमदा निवासी किसान परमानन्द को नया किसान किताब दिया। कलेक्टर श्री चौहान ने प्राकृतिक आपदा से मृत हुए पीडित परिवार को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपये सहायता अनुदान राशि स्वीकृति के प्रकरणों का निराकारण संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का निराकरण अधिकतम 72 घंटे के अन्दर करने के निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने कहा। ज्ञातव्य है कि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़,आंधी, आग में जलने, पानी में डूबने, आकाशीय बिजली, पेड़ गिरने, सांप या बिच्छू काटने से मृत्यु होने पर निकटतम वारिसान को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि दी जाती है।

### सरकार बदली लेकिन अब भी सरकारी आफिस में दलाली बरकरार



**तिल्दा नगर।** नगर पालिका के अंतर्गत प्रधान मंत्री आवास को लेलो बिना कमीशन अब भी आवास की किस्त तक लाभार्थियों को नहीं मिलती। आवास को पास करवाने में पसीना आता है तो उसकी किस्त में कमीशन का खेल चलता है और बिन पार्षद कुछ नहीं होता पूरा खेल अब भी चल रहा है बेधड़क सरकार जरूर बदली पर आवास का खेल अब भी जारी है इस में आवास योजना में खुल कर पिछले काग्रेस सरकार में अनिमितये बरती गई है नगर पालिका परिषद में बेधड़क ठेकेदार आवास निर्माण कर रहे है लाभार्थियों के खाते में किस्त तब डलती जब उस आवास का निर्माण ठेकेदार से करवाया जाता है दो दर्जन से अधिक लाभार्थी पिछले सात से आठ वर्ष से परेशान है जिनकी सुनाई नगर पालिका में नहीं होती उनकी गलती यह है की आवास वे खुद बना रहे है कुछ ऐसे गरीब परिवार है जो मजदूरी करके अपना गुजारा चला रहे है और किराए के मकान में रहते है इनका आवास नहीं पर कुछ ऐसे भी है जो निर्माण कर किराए में चला रहे है आवास आवंटन में काग्रेस की सरकार में खुल कर अनिमिताएं होने की जानकारी मिलीं हैं लोगो को उम्मीद है कि बीजेपी सरकार में सब को न्याय मिलेगा।

### कार्यपालन अभियंताओं को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया

**रायपुर 6 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी एवं व्यवस्थित संचालन हेतु कार्य दायित्वों को समय सीमा में कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने आदेश जारी कर नगर निगम अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को नोडल अधिकारी एवं सभी जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। आदेशानुसार ईव्हीएम एवं व्हीव्हीएटी की सुरक्षा, प्रबंधन (स्ट्रांग रूम एवं ईएमएस एप्लीकेशन की सम्पूर्ण व्यवस्था), लाईट, माईक, शामियाना के प्रबंधन हेतु मतदान केन्द्रों की सम्पूर्ण व्यवस्था जिला अंतर्गत समस्त नगरीय क्षेत्र हेतु करने, वितरण, वापसी केन्द्र तथा प्रशिक्षण स्थल में पेयजल एवं साफ सफाई की व्यवस्था हेतु अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को नोडल एवं समस्त जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को सहायक नोडल अधिकारी आयुक्त द्वारा नियुक्त किया गया है। संपत्ति विरूपण अधिनियम 1994 के अधीन कार्यवाही संबंधी समस्त कार्यो हेतु अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को नोडल अधिकारी, सभी जोन कमिश्नरो, कार्यपालन अभियंताओं एवं नगर निवेशक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के बच्चे होंगे लाभान्वित

**कोरबा 6 मार्च।** प्रदेश के निर्माणी श्रमिकों के बच्चों के लिए महत्वपूर्ण कल्याणकारी मुख्यमंत्री निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना का संचालन किया जाएगा। इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित दो संतानों को उनके शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे पीएससी सीजी व्यापमं, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे, पुलिस भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए न्यूनतम 04 माह व अधिकतम 10 माह तक कि अवधि के लिए कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोचिंग का लाभ लेने हेतु पंजीकृत निर्माण श्रमिक के द्वारा ऑनलाइन आवेदन निकटतम् लोक सेवा केंद्र या सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय कोरबा में आवेदन कर सकते हैं। साथ ही विकासखण्डों के मुख्यालय में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्रों तथा आयोजित होने वाले शिविरों के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## संपादकीय

# काम करने वाले के पास काम की कमी नहीं होती

यदि कोई काम करना चाहता है तो उसके पास काम की कोई कमी नहीं होती है, वह अपने परिवार,मोहल्ले, वार्ड,शहर, प्रदेश व देश के लिए कई तरह से काम कर सकता है। वह योजना बना सकता है कि आज क्या काम करना है, एक सप्ताह में क्या काम करना है, एक माह में क्या काम करना है, एक माह के काम की समीक्षा करना है। एक साल में क्या काम करना है, एक साल के काम की समीक्षा करना है। पांच साल में क्या काम करना है, पांच साल में क्या काम किया, पांच साल में क्या गलती हुई, उसे कैसे सुधारा जा सकता है। अगल पांच साल वह गलती न हो, इसकी योजना बनाई जा सकती है। अगली बार हमारी सरकार बनेगी तो अगले पांच साल हमें क्या काम करना है। यह काम तो हर राजनीतिक दल कर सकता है लेकिन कोई करता नहीं है, सब सोचते हैं कि पहले सरकार तो बने फिर काम करने की योजना बना लेंगे। ऐसे राजनीतिक दलों में यह भरोसा ही नहीं होता है कि वह दोबारा सत्ता में लौटेंगे। यही वजह है कि वह अगले पांच साल की योजना के बारे में सोचते नहीं है। जो नेता काम करना है,उसे तो सोचना पड़ता है कि अगले पांच साल हमको क्या करना है। वह नेता जनता के प्रति जवाबदेह होता है, इसलिए वह जनता को बताता है कि उसने पांच साल जनता व देश के लिए क्या किया तथा जनता उसे फिर से मौका देती है तो वह अगले पांच साल क्या करेगा, यह भी जनता को बताता है। अच्छा काम करने वाले को ही भरोसा होता है कि जनता को उसका काम जरूर पसंद आएगा और वह उसे दौबारा मौका जरूर देगी। लेकिन ऐसा बहुत कम होता है कि किसी सरकार को यह भरोसा हो कि वह तो तीसरी बार भी सरकार बनाएगी और वह अगले पांच साल में क्या करना है यह सोचे और योजना बनाए। देश की मोदी सरकार पहली ऐसी सरकार है जिसे तीसरी बार सत्ता में लौटने का भरोसा है,यही वजह है कि वह यह योजना बना चुकी है कि उसे अगले पांच साल क्या करना है। मोदी मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक में पीएम मोदी की अध्यक्षता में 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के विजन दस्तावेज पर मंथन किया गया। इसके अलावा अगले पांच साल की कार्ययोजना पर विचार किया गया तथा सरकार बनने पर 100 में क्या करना है, इसकी कार्ययोजना का खाका भी खींचा गया। पीएम मोदी का काम करने का अपना तरीका है, वे खुद सबसे ज्यादा मेहनत करते हैं तथा पार्टी के नेताओं को भी कड़ी मेहनत करने के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं। जब नेता खुद सबसे ज्यादा काम करता है तो बाकी सब लोग अपने आप बहुत ज्यादा नहीं तो ज्यादा मेहनत तो करते हीं है। हर कोई पीएम मोदी की तरह मेहनत नहीं कर सकता लेकिन ज्यादा से ज्यादा मेहनत करने की कोशिश तो कर सकता है। पीएम मोदी रोज काम भी करते हैं तथा आगे क्या करना है कि इसकी योजना भा बनाते रहते हैं, इसलिए उनके पास समय की तो कमी हो सकती है लेकनि काम की कोई कमी नहीं होती है। रोज वह देश के लिए, राज्यों के लिए, जनता के लिए और पार्टी के लिए कुछ न कुछ करते रहते हैं। लोगों को आश्चर्य होता है कि वह थकते क्यों नहीं है, जब आदमी को मालूम रहता है कि काम बहुत ज्यादा है और समय कम है तो वह ज्यादा काम करता भी है तो उसे लगता है कि उसने पूरा काम अभी नहीं किया है, इसलिए वह थकता नहीं है कि अभी तो बहुत काम बाकी है। थकता वह आदमी है जो सोचता है कि उसे जितना काम करना था, उससे ज्यादा काम कर लिया है। वह आदमी कैसे थक सकता है जिसे मालूम है कि अभी तो उसे सालों बहुत काम करना है। उससे लिए पांच साल,दस साल कम होते हैं, वह तो अगले पचीस साल क्या करना यह योजना बनाकर बैठा हुआ है। आज देश में कोई नेता ऐसा नहीं है जो सोचता हो कि उसे अगले पच्चीस साल देश के लिए क्या करना है। पीएम मोदी ही अकेले ऐसे नेता हैं जिन्होंने सोच रखा है कि उनको सत्ता में बने रहक अगले पच्चीस साल क्या करना है। बड़े नेता यही पहचान होती है कि वह बड़ा सोचता है, वह देश को और बड़ा बनाने के लिए सोचता है। छोटा नेता वह होता है जो सोचता है कि उसकी सरकार बनी तो अग्निवीर को समाप्त किया जाएगा,जाति जनगणना कराई जाएगी। वह यह बताना सबसे जरूरी काम समझता है कि फलाना नता तो हिंदू नहीं हैं। बड़े नेता की पहचान उसके बड़े काम से होती है तथा छोटे नेता की पहचान उसके छोटे छोटे काम से होती है।

**राजनीति**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

# आया राम गया राम ने लंबे समय से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को किया है प्रभावित

**दल-बदल विरोधी कानून सरकार स्थिरता में कारगर होने की बजाय खरीद फरोख्त का तरीका है। दल-बदल क़ानून के दायरे से बचने के लिए विधायक या सांसद इस्तीफा दे रहे हैं. लेकिन ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए कि जिस पीरियड के लिए वो चुने गए थे, अगर उससे पहले उन्होंने स्वेच्छा से त्यागपत्र दिया, तो उन्हें उस वक्त तक चुनाव नहीं लड़ने दिया जाएगा. देशव्यापी कोई बहुत बड़ी वजह हो, आदर्शों की बात है या कोई बहुत उसूलों की बात है. तब तो ठीक है, लेकिन बिना वजह त्याग पत्र देने के बाद अगला चुनाव आप फिर से लड़ रहे हैं. तो ये तकनीकी तौर पर तो सही है. लेकिन व्यावहारिक तौर पर ये सारे लोग कानून में बारूदी सुरंग लगा रहे हैं. किसी भी कानून को तोड़ने वाले उसका तरीका निकाल लेते हैं, यहां जो तोड़ निकाला गया है, उसे रिसॉर्ट संस्कृति का नाम दिया जा रहा है.**



दल बदल आया राम गया राम अभिव्यक्ति के साथ शुरू हुआ, जिसने हरियाणा के विधायक गया लाल द्वारा एक ही दिन में तीन बार पार्टियां बदलने के बाद भारतीय राजनीति में लोकप्रियता हासिल की। यह 1967 में हुआ था। संसद ने इस मामले का उपयोग भारतीय संविधान में 10वीं अनुसूची को जोड़ने को उचित ठहराने के लिए किया। यह कानून सदन के किसी अन्य सदस्य की याचिका के जवाब में विधायिका के पीठासीन अधिकारी द्वारा सांसदों को दलबदल के लिए अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया स्थापित करता है। कानून के अनुसार, यदि कोई राजनेता स्वेच्छा से अपनी पार्टी छोड़ देता है या हाउस ऑफ कॉमन्स में वोट पर पार्टी नेतृत्व के निर्देशों की अवज्ञा करता है, तो वह दलबदल करता है। धारणा यह है कि विधायक इस व्यवहार से पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर रहे हैं। दल-बदल विरोधी विधेयक का उद्देश्य विधायकों को पाला बदलने से रोककर सरकार को स्थिर रखना है। दल -बदल विरोधी कानून ने भारत में बहस और चर्चा के बजाय पार्टियों और संख्या के आधार पर लोकतंत्र लागू किया। इस तरह से यह असहमति और दलबदल के बीच कोई अंतर नहीं करता है, जिससे किसी भी पैमाने पर संसदीय बहस कमजोर हो जाती है। दूसरी ओर, यह कानून राजनेताओं को उनके राजनीतिक दलों से अनिश्चित काल के लिए बाध्य नहीं करता है। विभिन्न परिस्थितियों में विधायक अयोग्य ठहराए जाने के डर के बिना दल बदल सकते हैं। यह कानून किसी पार्टी को किसी अन्य पार्टी के साथ विलय की अनुमति देता है यदि उसके दो-तिहाई सदस्य इसे स्वीकार करते हैं। ऐसे में किसी भी सदस्य पर दलबदल का आरोप नहीं लगता। अन्य स्थितियों में, यदि कोई व्यक्ति अध्यक्ष या अध्यक्ष के रूप में चुना गया था और उसे अपनी पार्टी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। परिणामस्वरूप, वे पद छोड़ने के बाद फिर से पार्टी में शामिल हो सकते हैं। भारत में परित्याग की अनेक घटनाएँ हुई हैं। कई विधायकों और सांसदों ने पार्टियां बदल ली हैं। 91वां संविधान संशोधन अधिनियम-2003 का लक्ष्य मंत्रिपरिषद के आकार को कम करना, दलबदलुओं को सार्वजनिक कार्यालय में प्रवेश करने से रोकना और भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची में सुधार करना था। पहले, विलय को एक राजनीतिक दल के निर्वाचित सदस्यों के एक तिहाई के दलबदल के रूप में परिभाषित किया गया था। संशोधन के बाद इसे कम से कम दो-तिहाई कर दिया गया। अदालत ने विधायक अयोग्यता के मामलों पर विचार करने में स्पीकर की व्यापक शक्ति की भी पुष्टि की। यद्यपि हमारे देश के विधायकों की ओर से बार-बार और अपवित्र निष्ठा परिवर्तन के कारण होने वाली राजनीतिक अस्थिरता भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची के कारण काफी कम हो गई है, फिर भी भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची के अधिक तर्कसंगत संस्करण की आवश्यकता है। मणिपुर प्रशासन में कुछ मौजूदा विधायक हाल ही में विपक्ष में चले गए, जिससे राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता पैदा हो गई। मणिपुर में दलबदल की यह राजनीति असामान्य नहीं है; हाल ही में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी दलबदल हुआ है। विधानमंडल के सदस्यों द्वारा राजनीतिक दलबदल ने लंबे समय से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित किया है। दल-बदल विरोधी कानून ने निर्वाचित प्रतिनिधियों की आवाज को दबा दिया है। विधायकों द्वारा पार्टी अनुशासन का पालन न करना एक राजनीतिक समस्या है, और इसे अधिक आंतरिक पार्टी लोकतंत्र और पार्टी के सदस्यों के विकास के तरीकों के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। भारत के संविधान का एक हिस्सा इसकी मूल भावना के ख़िलाफ़ है। यह दसवीं अनुसूची है, जिसे 52वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया था। राजनीतिक दलबदल को रोकने के लिए 1985 में संसद द्वारा पारित किया गया, इसे आमतौर पर दलबदल विरोधी कानून के रूप में जाना जाता है। इसका उद्देश्य एक राजनीतिक दल के टिकट पर चुने गए विधायकों को दूसरे के प्रति अपनी निष्ठा बदलने से रोकना था। इसका उद्देश्य राजनीतिक स्थिरता लाना था। तब से, इसने हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों की आवाज़ को दबा दिया है, संवैधानिक कार्यालयों को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है और हमारे लोकतंत्र का मज़ाक उड़ाया है। दल-बदल विरोधी कानून 37 वर्षों तक स्थिर सरकारें सुनिश्चित करने में विफल रहा है। कुछ हालिया उदाहरण उद्धृत किये जा सकते हैं।इन विफलताओं के बावजूद, दल-बदल विरोधी कानून को छोड़ने के बजाय उसे मजबूत करने की मांग उठ रही है। मूल प्रश्न यह है कि क्या किसी पार्टी के विधायकों को अपनी वफादारी दूसरे के प्रति स्थानांतरित करने से रोकना कानूनी रूप से संभव है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पैसे के अलावा, पद के लालच ने विधायकों के दल बदलने के फैसले में प्रमुख भूमिका निभाई। इसमें बताया गया है कि 1967 के चुनाव के बाद, सात राज्यों में दल बदलने वाले 210 विधायकों में से 116 उन सरकारों में मंत्री बन गए, जिन्हें उन्होंने अपने दलबदल से बनाने में मदद की थी। इससे यह सवाल उठता है कि क्या हमारे प्रतिनिधि केवल अपने राजनीतिक संगठन के प्रति ही जिम्मेदार हैं? या क्या उन लोगों की राय व्यक्त करने की भी उनकी कोई ज़िम्मेदारी है जिन्होंने उन्हें चुना है? भारत में, विधायकों द्वारा पार्टी अनुशासन का पालन न करने का प्रश्न एक राजनीतिक मुद्दा है, जो उनके और उनके राजनीतिक दल के बीच का मुद्दा है। यदि राजनीतिक दल चाहते हैं कि उनके सदस्य पार्टी लाइन पर चलें, तो उनके नेतृत्व को आंतरिक पार्टी लोकतंत्र, संवाद और अपने सदस्यों के विकास के रास्ते को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। असली सवाल यह होगा कि संविधान को उन राजनीतिक दलों की मदद के लिए क्यों आना चाहिए जो अपने सदस्यों को एक साथ नहीं रख सकते। यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि दल-बदल विरोधी कानून हमारी विधायिकाओं के प्रभावी कामकाज से लगातार समझौता कर रहा है।

## आज का राशिफल

मेष-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप जिस भी काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आराम से पूरा हो सकता है। आपको बस थोड़ा संयम रखने की जरूरत है। आपको अपनी मान-प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए समाज के कार्यों में सहयोग देना चाहिए। आप किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं। आप किसी काम के लिए योजना बना सकते हैं। आपको दूसरों के सामने अपनी बात खुलकर रखनी चाहिए। इससे चीजें स्पष्ट रहेंगी। संतान की ओर से आपको सुख मिलता रहेगा।

वृष-आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। कोई बड़ा काम संतान की मदद से पूरा हो जाएगा। माता-पिता का सहयोग भी बना रहेगा। शाम को माता-पिता के साथ आप किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। किसी अपने से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। इस राशि के छात्रों का आज पढ़ाई के प्रति रूझान बना रहेगा। आपके पास कुछ नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं, जिन्हें आप सफलतापूर्वक निभाएंगे। आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मिथुन-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपके काम बनते-बनते रूक सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है। आपको कोई भी कार्य करने से पहले अपने से बड़ों की राय जरूर लेनी चाहिए। इससे आपको लाभ होगा। किसी खास व्यक्ति से अचानक मुलाकात आपके करियर की दिशा को बदल सकती है, लेकिन आपको जिंदगी का कोई भी फैसला बड़ा ही सोच-समझकर लेना चाहिए।

कर्क-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी काम में भागदौड़ थोड़ी अधिक हो सकती है। बच्चों के स्कूल-कॉलेज से जुड़े कुछ कागज बनवाने पड़ सकते हैं। आपको किसी से मदद भी मांगनी पड़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य से आपकी थोड़ी अनबन हो सकती है। आप अपने खर्चों को लेकर सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आपको आस-पास हर चीज पर नजर रखने की जरूरत है। आज कई लोगों को आपकी बात समझने में परेशानी हो सकती है।

सिंह-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम से निपट लेने के बाद आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ खुशी के पल बिता सकते हैं। कुछ जरूरी चीजें आपको फायदे दिला सकती हैं। इस राशि के कारोबारियों को किसी से जरूरी मुलाकात करनी पड़ सकती है। धन के मामले में स्थिति ठीक रहेगी। कन्याओं को कुछ गिफ्ट करें, आपके निर्णय फायदेमंद रहेंगे।

कन्या-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपके सारे काम मन-मुताबिक पूरे होंगे। आप बच्चों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। इस राशि के जो छात्र इंजीनियरिंग कर रहे हैं, उनके लिए आज का दिन शुभ है। आपको मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब अपॉचुनिटी भी मिल सकती है। आपके वैवाहिक जीवन में समरसता आएगी। ऑफिस में अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

तुला-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा। घर पर अचानक से कोई मित्र आ सकता है। आप उसके साथ घर पर लंच का आनंद ले सकते हैं। आप किसी टूर पर जाने का प्लान भी बना सकते हैं। ऑफिस में काम को जल्द से जल्द निपटाने की कोशिश कर सकते हैं। शादी-शुदा लोग अपने जीवन को खुशहाल बनाने में लगे रहेंगे। सुबह धरती माता को छूकर प्रणाम करें, पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक-आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा बहुत हद तक बढ़ जाएगा। आसपास के लोगों से आपको मदद मिल सकती है। आपको व्यवसाय के क्षेत्र में भी लाभ मिलने की पूरी उम्मीद है। दैनिक कार्यों में आपको पूर्ण रूप से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर बनेंगे। आप एक-दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे। किसी काम को नए तरीके से करने की सोच सकते हैं।

धनु-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आपके सामने कोई भी चुनौती टिक नहीं पाएगी। आपको किसी सेमिनार में बतौर अतिथि बुलाया जा सकता है। वहां लोग आपके व्यवहार से काफी प्रभावित होंगे। शाम को आप जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। नए लोगों से मुलाकात होने से आपको बड़े फायदे होंगे। परिवार में सबके साथ किसी खास मामले पर बातचीत हो सकती है। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। ब्राह्मण को भोजन कराएं, कार्यक्षेत्र में सिनियरस का सहयोग मिलता रहेगा।

मकर- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के काम में आपके सामने कई चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपने काम में किसी मित्र का सहयोग ले सकते हैं। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग आपको फायदा दिला सकता है। आपको अपने भविष्य के बारे में थोड़ा विचार करने की जरूरत है। आपके घर पर अचानक से कोई रिश्तेदार आ सकते हैं। आपको उनसे बातें करके अच्छा लगेगा। माता पिता का पैर छूकर आशीर्वाद लें, पूरे दिन लोगों से सहयोग मिलता रहेगा।

कुंभ-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार में सबके चेहरे खिले रहेंगे। लोग आगे से चलकर आपसे बात करना चाहेंगे। किसी प्रिय मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है। आपको नए स्रोतों से धन की प्राप्ति हो सकती है। प्रेम-प्रसंग के प्रति आपका झुकाव हो सकता है। सेहत के मामले में आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपके दिमाग में अचानक से कोई ऐसा विचार आएगा, जो आपकी प्रगति की राहें खोल देगा। जरूरतमंद को वस्त्र भेंट करें, आपके सारे काम आसानी से पूरा होंगे।

मीन-आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। माता-पिता अपने बच्चों के साथ कहीं आस-पास पिकनिक स्पॉट पर जा सकते हैं। आप किसी समारोह में जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है। आपको अपने बॉस की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ही अपनी कोई राय देनी चाहिए। आज आपको थोड़ा आलस्य भी महसूस हो सकता है। आपको अपना खान-पान हेल्दी रखना चाहिए। आज कुछ मामलों में आप थोड़े भावुक हो सकते हैं। पक्षियों को दाना खिलाएं, पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

## चिंतन

# 2024 के भारत में ऑरवेल का सत्य!

**श्रुति व्यास**

रोजाना एक ही तरह की चीजें पढ़ते रहने की बोरियत से मुक्ति के लिए मैंने पिछले वीकएंड 'एनीमल फार्म' फिर से पढ़ डाली। जार्ज ऑरवेल की यह कृति सच्चे अर्थों में कालजयी है। जब वह लिखी गई थी तब जितनी प्रासंगिक थी, उतनी ही आज भी प्रासंगिक है। सन् 1945 में प्रकाशित इस उपन्यासिका में शूकर (सुअर) बंधु जिस तरह सत्ता पर कब्जा जमाते हैं, वह सोवियत संघ (तब और रूस) जैसी तानाशाही और प्रोपेगेंडा की असीम ताकत के खतरों से दुनिया को सचेत करना है। जानवरों का जमावड़ा जैसे-जैसे समतापूर्ण समाज से असमान समाज बनने की ओर बढ़ता है, वैसे-वैसे शासक शूकर, प्लाट बदलते जाते हैं। जार्ज ऑरवेल ने इस पुस्तक में सत्ता, आशा, झूठ, प्रोपेगेंडा और अंधश्रद्धा जैसे मुद्दों की बारीक पड़ताल की है। वे हमें बताते हैं कि किस तरह अंततः केवल सत्ता हासिल करना ही पहला और आखिरी लक्ष्य बन जाता है और सत्ता की यह लिप्सा कैसे समाज को नष्ट कर देती है।

'एनीमल फार्म' 20वीं सदी के मध्य के सोवियत संघ पर आधारित था। उसके पात्र नेपोलियन में हम स्टालिन और स्नोबॉल में ट्रोटोस्की को देख सकते हैं। अब न तो सोवियत संघ का कोई नामलेवा बचा है और न स्टालिन और ट्रोटोस्की हैं। मगर 'एनीमल फार्म' को आज की दुनिया की फेक न्यूज, जहरीले प्रोपेगेंडा और षड़यंत्रपूर्वक की जाने वाली ऑनलाइन ट्रोलिंग से आसानी से जोड़ा जा सकता है।'एनीमल फार्म' का मुख्य सन्देश यही है कि नैरेटिव, मीडिया पर जिसका नियंत्रण होता है, जीत उसी की होती है।

भले ही यह हमें असहज करे, मगर तथ्य यही है कि करीब तीन-चौथाई सदी पहले ऑरवेल ने जो रूपक बुना था, वह आज की हमारी दुनिया के राजनैतिक नैरेटिव पर भी लागू है।अब जब सत्ता और पालिटिकल नैरेटिव की बात होती है, तो चुनाव का ध्यान हो आना स्वाभाविक है। भारत में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने एक-तिहाई से ज्यादा उम्मीदवारों की नामों की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग की टीमें राज्यों का दौरा कर तैयारियों का जायजा ले रही हैं। मीडिया हाऊस तरह-तरह के चमकीली-चटकीले राजनैतिक कॉन्क्लेव आयोजित कर रहा हैं, जो मिनी चुनावी सभा नजर आते हैं।चुनावों का नतीजा क्या होगा, यह करीब-करीब तय है। अलग-अलग क्षेत्रों में जिसकी भी जीत-हार हो लेकिन सर्वोच्च नेता की जीत तय बताई जा रही है। हालाँकि परिणामों के तय बताए जाने के बाद भी वातावरण में रोमांच तो है।2024 के लोकसभा चुनाव को 'विचारधारात्मक कारणों' से महत्वपूर्ण बताया जा रहा हैं। लंदन की'द इकनामिस्ट' पत्रिका ने लिखा है, ''इस साल भारत और अमेरिका में होने वाले दो बड़े चुनाव पूरी दुनिया के लिए प्रजातंत्र की परीक्षा होंगे।÷ क्या सचमुच? क्या वाकई भारत में प्रजातंत्र खतरे में है?

ऐसा बताया जा रहा है कि सन् 2014 के बाद से एक प्रजातंत्र के रूप में भारत की छवि फीकी पड़ती जा रही है। क्या ऐसा है? देश की सबसे बड़ी अदालत के जजों ने एकमत से भारत सरकार की 2018 में शुरू की गई इलेक्ट्रोरल बांड योजना को रद्द किया है।मीडिया कह रहा है कि विपक्ष आखिर विचारधारा से चालित क्यों नहीं है? नौकरशाही दिन-रात इस कोशिश में है कि देश के सभी नागरिकों को साफ पानी और मुफ्त राशन मिले और हर घर में शौचालय हो।

अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत का सूरज दुनिया के आसमान में चमक रहा है। रिहाना हमारे देश के एक रईसजादे के शाहज़ादे की शादी में गानें गा रही हैं।भारत में इतना काम, इतना जलवा? क्या पश्चिम में है कोई ऐसा जो इसके मुकाबिल हो? अगर मोदीजी पांच साल और प्रधानमंत्री रह गए तो भारत सचमुच विश्वगुरू बन जाएगा।

सो देश में जो कुछ हो रहा है उसमें प्रजातंत्र के लिए खतरा क्या है? आखिकार प्रजातंत्र को किससे खतरा हो सकता है? प्रजातंत्र के दुश्मन वे हैं जो खुलकर और जानते-बूझते हुए प्रजातंत्र पर हमला करते हैं, जैसा कि इंदिरा गांधी ने इमरजेन्सी के दौरान किया था। क्या मोदी या उनके सिपहसालारों ने ऐसा कुछ किया है?

दरअसल मोदी इसलिए लगातारजीतते जा रहे हैं क्योंकि राजनैतिक नैरेटिव वे तय कर रहे हैं। उस पर उनका पूरा नियंत्रण है। जैसा कि जार्ज ऑरवल ने हमें बहुत पहले बताया था, विजेता वही होते है जिनका नैरेटिव पर नियंत्रण हो। नरेन्द्र मोदी ने संविधान या भारत की प्रजातांत्रिक संस्थाओं से प्रकट रूप में कोई बड़ी छेड़छाड़ नहीं की है।

उन्होंने केवल नैरेटिव को अपने पक्ष में किया है। पश्चिम के अति वामपंथी और मध्य वामपंथी बुद्धिजीवी तबके का कहना है कि भारत की जनता डर के कारण मोदी का साथ दे रही है। जनता को लगता है कि अगर मोदी नहीं होंगे तो पाकिस्तान और चीन भारत पर कब्जा कर लेंगे और हिन्दुओं के सिर पर खतरा मंडराने लगेगा।

मगर वे यह भूल जाते हैं कि मोदी के राजनीति के मंच के केन्द्र में आने के काफी पहले से ही जनता का राजनीति से मोहभंग हो गया था। लोग बेचैन और अशांत थे। उनमें गुस्सा भी था और राजनीतिज्ञों के प्रति तिरस्कार का भाव भी। युवा और अशांत लोग कांग्रेस से बोर हो गए थे। उन्हें लगता था कि कांग्रेस समय के चक्र में एक निश्चित बिंदु पर अटक गई है और चूंकि प्रजातंत्र उन्हें यह अधिकार और मौका देता था कि वे अपना गुस्सा जाहिर कर सकें, इसलिए उन्होंने ऐसा किया।ठीक उसी तरह से जिस तरह उपन्यास में मेनर फार्म पर जानवर अपने गुस्से का इज़हार करते हैं और ओल्ड मेजर बहुत ही व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से इस गुस्से का लाभ उठाते हुए उन्हें 'मनुष्य के अत्याचारों' के खिलाफ विद्रोह करने के लिए भड़काता है। जैसा कि हमेशा होता है, कोई भी नई चीज अपने साथ नयी आशा लाती है।यह आशा आपके गुस्से पर छा जाती है और आपको अंधा बना देती है। विद्रोह करने वाले जानवरों को यह समझ में ही नहीं आता कि विद्रोह के नेतृत्व की नेकनियती पर भरोसा करने के कारण वे अंततः उसी व्यवस्था के लिए काम करने लगे हैं जो व्यवस्था उनका अत्यंत क्रूरतापूर्वक शोषण करती थी। सन् 2014 में लोगों ने बड़ी आशा से मोदी को सत्ता सौंपी। उन्हें मोदी की नेकनीयती पर पूरा भरोसा था।

**विश्लेषण**

**निर्मल रानी**

# सड़क जाम,मार्ग परिवर्तन से जनता परेशान- ज़िम्मेदार कौन सरकार या किसान?



किसान आंदोलन-2 अभी जारी है। इसका सबसे अधिक प्रभाव हरियाणा व पंजाब से लगती हुई शंभू और खनौरी नाम की सीमाओं के सीमित क्षेत्रों में है। हरियाणा व पंजाब से लगती इन्हीं दो सीमाओं पर गत 13 फ़रवरी से अनेक किसान संगठनों के नेता व सदस्य दिल्ली कूच करने के उद्देश्य से डेरा जमाये हुये हैं। किसान, दो वर्ष पूर्व हुये आंदोलन के समय सरकार द्वारा मानी गयी उनकी मांगों को अब तक पूरा न किये जाने के चलते यानी सरकार की वादा ख़िलाफ़ी की वजह से दूसरी बार आंदोलन करने के लिये मजबूर हुये हैं। सरकार ने किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिये इसबार शंभू व खनौरी से लेकर दिल्ली से लगती चारों ओर की सीमाओं पर कड़ी नाकेबंदी की है। शंभू व खनौरी सीमाओं पर तो छः लेयर तक के अवरोधक लगाये गए हैं। इनमें कंटेनर्स,सीमेंटेड ब्लॉक्स,सीमेंट में ढली मोटी कीलें,कंटीले तार,लोहे की चादरें, तरह तरह के वाहन व मशीनें,आर ए एफ़,अर्ध सैनिक बल,आंसू गैस फेंकने वाले यंत्र,ड्रोन,पानी की तेज़ बौछार फेंकने वाली मशीनें,बुलडोज़र,पोकलेन,जे सी बी आदि और भी अनेक चीज़ों का सहारा लिया गया है। इन सीमाओं पर सरकार द्वारा लगाये गये अवरोध शायद भारत की चीन व पाकिस्तान से लगती सीमाओं से भी अधिक सुदृढ़ हैं। जिन्हें विदेशियों या घुसपैठियों को नहीं बल्कि अपने ही देश के किसानों को रोकने के लिये खड़ा किया गया है।

दूसरी ओर किसान हैं जो शंभू व खनौरी की सीमाओं पर पंजाब की हद में डेरा डाले हुए हैं। किसानों ने केवल इन्हीं बॉर्डर्स पर सड़कों के किनारे अपने तंबू लगा रखे हैं व ट्रैक्टर ट्रॉली आदि खड़ी कर रखी है। यही ट्रैक्टर ट्रॉली किसानों के घर, गोदाम तथा छाया सर्दी धूप बारिश से बचाओ आदि का काम करती है। किसानों ने आंदोलन के शुरुआत में शंभू व खनौरी सीमाओं से हरियाणा में प्रवेश की कोशिश की परन्तु सरकार ने अपनी पूरी ताक़त झोंक कर किसानों को हरियाणा में प्रवेश करते हुये दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। इसी बीच 21 फ़रवरी को खनौरी बॉर्डर पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई थी जिसमें बठिंडा के युवा किसान शुभकरण सिंह की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी। किसान हालांकि अभी भी शंभू व खनौरी सीमाओं पर डेरा जमाये हुये हैं परन्तु उनकी तरफ़ से यातायात बाधित करने का न तो कोई प्रयास किया जा रहा है न ही उनकी मंशा जनता को परेशानी में डालने की है। जहां तक किसानों के दिल्ली कूच का प्रश्न है तो किसान कभी भी लुक छुप कर या सत्ता अथवा प्रशासन को धोखा देकर दिल्ली नहीं पहुँचते बल्कि 'दिल्ली चलो' का नारा देकर पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार ही मार्च करते हैं। परन्तु सरकार ने गत 12 मार्च से ही शंभू व खनौरी सीमाओं के अतिरिक्त दिल्ली -हरियाणा-हिमाचल - चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को भी पूरी तरह से अवरुद्ध कर रखा है। जगह जगह मार्ग परिवर्तन किया जा रहा है। अकारण ही गांव व क़स्बों से होकर ट्रेफ़िक मार्ग परिवर्तित किये जा रहे हैं। 12 मार्च से ही चंडीगढ़-अंबाला मार्ग पूरी तरह बाधित है जबकि अंबाला-चंडीगढ़ सीमा यानी सद्दोपुर-झड़मड़ी पर किसानों का किसी भी तरह का न तो जमावड़ा है न ही किसानों ने फ़िलहाल इस मार्ग से दिल्ली जाने की कोई घोषणा की है। इसके बावजूद चंडीगढ़-अंबाला-दिल्ली मार्ग को बंद करने या परिवर्तित करने का आख़िर क्या औचित्य है? किसान आंदोलन के नाम पर मार्ग बदले जाने से जनता बेहद परेशान है। चंडीगढ़ दिल्ली की यात्रा जो मात्र चार घंटे में तय होती थी अब 12-14 घंटों में तय हो रही है। कारें बसें आदि क़स्बों व गांवों से होकर गुज़रने से तंग रास्तों में जाम लगा रहता है। यात्रियों के साथ साथ उन गांव के लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है जिन्हें 24 घंटे जाम और यातायात प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। रुट बदलने के कारण जिन जिन क़स्बों व गांव से ट्रेफ़िक मोड़ा गया है उन रास्तों के सैकड़ों मेन होल के ढक्कन टूट गए हैं।

किसान आंदोलन के कारण जहाँ तमाम बसों का परिचालन बंद कर दिया गया है वहीँ तमाम बसों के रुट भी बदले गये हैं। बसों का कोई टाइम टेबल नहीं रह गया है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह है कि किसान आंदोलन के नाम पर या इससे भयभीत होकर सरकार व प्रशासन द्वारा 20 दिनों से भी अधिक समय तक जनता को क्यों परेशानी में डाला गया ? क्या सरकार को भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में लोगों की आवाज़ ख़ासकर 'अन्नदाताओं ' की आवाज़ को कुचलने का सबसे आसान रास्ता यही नज़र आया कि इंटरनेट बंद कर दिये जाएँ,रास्ते बंद कर दिये जायें,मार्ग परिवर्तित किये जायें,किसान प्रदर्शनकारियों के साथ दुश्मनों व घुसपैठियों जैसा व्यवहार किया जाये,उनपर लाठियां गोलियां आंसू गैस व पानी की तेज़ बौछारें इस्तेमाल की जायें ? और इन सब सरकारी बंदिशों के चलते जनता को होने वाली परेशानियों की ज़िम्मेदारी किसानों पर ही मढ़ी जाये ? और गोदी मीडिया भी सत्ता के साथ क़दमताल करता हुआ किसानों को ही दोषी क़रार देने की कोशिश करे ? बहरहाल,किसान आंदोलन यदि और तेज़ न हुआ और सरकार व किसानों के मध्य वार्ता के द्वारा कोई समाधान निकल आया फिर तो सुखद है। अन्यथा 12 फ़रवरी से बंद पड़े 6 लेन के अंबाला-चंडीगढ़-शिमला हाईवे की दोनों दिशाओं की केवल एक ही लेन 5 मार्च



यात्रियों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। परन्तु अब सुखद ख़बर यह है कि अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे को पुलिस प्रशासन द्वारा आंशिक रूप से खोला जा रहा है। ख़बरों के अनुसार छः लेन के इस रास्ते में अभी केवल दोनों दिशाओं से दिल्ली-चंडीगढ़ मार्ग की केवल एक-एक लेन ही खोली जा रही है। यानी सद्दोपुर-झड़मड़ी सीमा पर राजमार्ग की एक लेन खुलने के बावजूद अभी भी जाम की स्थिति बनी रहेगी। सवाल से खोलने से जनता को फ़िलहाल कुछ राहत तो ज़रूर मिलेगी। परन्तु बेहतर हो कि सरकार इन समस्याओं का दीर्घकालिक समाधान निकाले और ऐसी व्यवस्था करे,ऐसी नीतियाँ व योजनाएं बनाये कि किसानों और सरकार के बीच टकराव की नौबत ही न आ सके ? और किसान व सरकार के टकराव के बीच कम से कम देश की आम जनता को तो परेशानी न उठानी पड़े ?

एक नजर

## राजिम कुंभ के संत समागम परिसर में सहज योग की दी जा रही जानकारी

**राजिम, 6 मार्च।** राजिम कुंभ कल्प में संत समागम परिसर में सहज योग के अभ्यास की प्रदर्शनी लगी है जहां तनाव शारीरिक, मानसिक भावनात्मक व्याधियों की मुक्ति के लिए एवं पारिवारिक जीवन में सुख शांति एवं सामंजस्य स्थापित करने के लिए सहजयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बताया गया कि सहजयोग करने के लिए कुछ भी छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। आत्म साक्षात्कार के द्वारा ही हम जीवन की विविध चुनौतियो को पार कर सकते है। इसके लिए ध्यान करना अति आवश्यक है। बताया गया कि माताजी श्री निर्मलादेवी की मानवता को एक महान देन हैं। सहजयोग यह आत्मज्ञान को प्राप्त करने की अत्यंत सरल एवं सहज ध्यान-पध्दति है। यह परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति से जुड़ने का एकमात्र सरल एवं सिध्द मार्ग है। अधिकतर लोग जानते हैं कि परमात्मा का निवास हमारे अंदर है, परन्तु बहुत कम लोगों ने इसका अनुभव किया है। परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति का प्रतिबिम्ब कुण्डलिनी के रूप में हर व्यक्ति के मेरूदंड (रीढ़ की हड़डी) के निचले छोर पर स्थित पवित्र त्रिकोणाकार अस्थि में सुप्तावस्था में विद्यमान है, इस ईश्वरीय शक्ति के जागृत होने पर मानव को सुंदर एवं सृजनात्मक व्यक्तित्व, उत्तम स्वास्थ, तथा परमात्मा द्वारा पथ-प्रर्दशन प्राप्त हो जाता है, और परिणामतः मानव तनाव रहित जीवन, निःस्वार्थ प्रेम एवं आनंद की स्थिति में आ जाता है।सहजयोग से हम स्वयं के आंतरिक तंत्र को जान सकते है और आंतरिक तंत्र को समझकर सकारात्मक परिवर्तन ला सकते है। सर्वांगीण विकास एवं संतुलित जीवन यापन भ्रष्टाचार, दुराचार एवं अनैतिकता रहित समाज के निर्माण के लिये आध्यात्मिक जीवन के परम लक्ष्य की प्राप्ति के लिये सहज योग आज के आधुनिक जीवन सैली में बहुत आवश्यक है। इससे तनाव रहित जीवन तथा तनाव से उत्पन्न होने वाले रोगों से मुक्ति मिलती है। दुर्व्यसनों से स्वतः छुटकारा आनंदमय, शांतिपूर्ण जीवन की प्राप्ति चित्त की एकाग्रता, स्मरण शक्ति की प्रबलता, सृजन शक्ति का विकास आत्मविश्वास में वृद्धि एवं स्व-निर्णय लेने की क्षमता का विकास सर्वसामान्य गृहस्थ जीवन बिताते हुए गहन आध्यात्मिक अवस्था की प्राप्ति होती है। हम आप सभी को इस अद्वितीय ध्यान-योग पध्दति को पाने एवं अनुभव करने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं। छत्तीसगढ़ में सहजयोग ध्यान के केन्द्र रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, धमतरी, जगदलपुर, राजिम और भी अन्य स्थान पर है। राजिम कुंभ में 8 मार्च महाशिवरात्रि तक सहजयोग केंद्र में आकर इसका लाभ मेलार्थी ले सकते है।

## मुख्य मंच में बुधवार को रंग झाझर सुनील तिवारी की होगी खास प्रस्तुति

**राजिम 6 मार्च ।** राजिम कुंभ कल्प मेला के मुख्य मंच में बुधवार 6 मार्च को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गायक सुनील तिवारी लोककला मंच रंग झांझर रायपुर की प्रस्तुति होगी। अन्य कार्यक्रमों में बिलासपुर लोकमंच फूल भंवरा के चंदन यादव और रायपुर के लोक गायन सुश्री अंजना दास रायपुर की प्रस्तुति होगी। इसी तरह स्थानीय मंच पर सुबह 11 बजे से 5 बजे कार्यक्रम होंगे। जिसमें लोकनृत्य दल उमेश निर्मलकर गरियाबंद, जसगीत जयलाल परगनिहा बहेराबुड़ा गरियाबंद, मानस भजन प्रशांत मनिकपुरी कठौली, सनातन भजन किस्मत भारती बरभांठा, भरथरी ईशारानी ध्रव कुसुमबुड़ा, फागगीत जगन्नाथ पटेल राजिम, लोकमंच गौकरण मानिकपुरी फुलझर, जस झांकी पुरूषोत्तम बंजारा पंडरीपानी, पंडवानी कुंती गंधर्व बेमेतरा, भजन संध्या खेमचंद यादव लोहरसी, रामायण संतोष सोनकर चौबेबांधा, नाचा पार्टी चैतू राम छुईहा की प्रस्तुति होगी।



## मवेशी बाजारों को बंद कराने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकालकर जिले में संचालित मवेशी बाजारों पर अंकुश लगाने की मांग की है। साथ ही गौ तस्करी पर रोक लगाने की मांग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की है। ज्ञापन में कहा गया है प्रशासन द्वारा भविष्य में गौ तस्करी और तस्करों को किसी भी प्रकार से सहयोग न करें। जिले के बरोंडाबाजार, बिछिया एवं सरायपाली के मवेशी बाजारों को पूर्णतः बंद कर धार्मिक आस्था और भावनाओं को सुरक्षित रखने की मांग की है।इस दौरान विश्व हिंदू परिषद छग प्रांत के मंत्री विभूतिभूषण पांडे, प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा, प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख धर्मेंद्र महोबिया, जिला अध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल, कार्याध्यक्ष हर्ष चंद्राकर, जिला मंत्री अखिलेश लूनिया, जिला सहमंत्री धनेंद्र चंद्राकर, जिला संयोजक बजरंग दल ईवन साहू, रामेश्वर पांडे, दानेश्वर सिन्हा, महेश मक्कड़, दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका अदिति चंद्राकर, रामेश्वर साहू, हिमांशु तिवारी, योगेश सोनवानी, प्रमोद साहू, जयंत यादव, सुमन सेंद्रे, विजय महतो, भरत चंद्राकर, रितेश गोलछा, देवेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

### माता के निधन के बाद भी आकर लिया राजिम कुंभ मेले का जायजा

# धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के शिष्टाचारात्मक सम्मान से प्रबुद्धजन भाव विभोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 6 मार्च।** 24 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला में 3 मार्च को संत समागम का उद्घाटन हुआ है। 3 मार्च से 8 मार्च तक चलने वाले संत समागम में देशभर से महामंडलेश्वर, महंत सहित बड़ी संख्या में साधु-संत का आगमन हुआ है।



आयोजन का मोर्चा संभाले धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की माताश्री का अचानक देहावसन हो जाने के चलते मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शोक के कारण राजिम मेला में नहीं आ पाये। इस आपातकालीन विषम परिस्थिति के बावजूद मंत्री बृजमोहन अग्रवाल बीच-बीच में राजिम कुंभ मेले में आकर स्थिति का जायजा लेते है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि उनका शरीर भले ही इस मेले में नहीं था लेकिन आत्मिक रूप से वे हमेशा मेले से जुड़े थे। इन तमाम स्थिति परिस्थिति के बावजूद बृजमोहन अग्रवाल लगातार मेले में आकर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते रहें अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को उचित दिशा-निर्देश देते रहें। संत समागम उद्घाटन के बाद धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल संत, महंत एवं महामंडलेश्वरों की कुटिया में जाकर उनसे भेंट कर आशीर्वाद लिया और राजिम कुंभ कल्प 2024 के आयोजन पर उनके विचारों से अवगत हुए। बाल योगेश्वर रामबालक दास महाराज जी, दण्डी स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज, ब्रह्म कुमार नारायण भाई जी, पुष्पा बहन जी, महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञान स्वरूपानंद अक्रिय जी महाराज के साथ ही प्रत्येक कुटिया और डोम में पहुंचकर वहां की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रामोत्सव थीम पर आयोजित राजिम कुंभ को और भी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए संत समागम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमेशा छत्तीसगढ़ की इस धरा में सुख-समृद्धि बढ़ती रहे और आप सभी संत अपना आशीर्वाद देने हर वर्ष यहाँ आए यही मेरी हार्दिक इच्छा है बिना संत के राजिम कुंभ अधूरा है।

कहते है कि राजनीति का अस्तित्व धर्म के बिना अधूरा है। धर्म ने हमेशा अपने आध्यामिक दर्शन से राजनीति का मार्ग प्रशस्त किया है। राजिम की त्रिवेणी संगम में धर्म और राजनीति का एक साथ कदम ताल हजारो लोगो ने देखा। जब राजनीति के प्रतिक बृजमोहन अग्रवाल और धर्म के प्रतिक साधु-संत एक साथ कुलेश्वर नाथ मंदिर, संत समागम स्थल पर कदम ताल करते हुए आगे बढ़ रहे थे। राजनीति को मिले धर्म के इस सानिध्य के कारण कुंभ अपनी संपूर्ण भव्यता के साथ ख्यातिपूर्ण सफलता के मार्ग पर अग्रसर है।राजिम कुंभ की साकारता बृजमोहन अग्रवाल के संकल्पित अथक प्रयास का परिणाम है जो राजिम की संगम तट पर परिलक्षित हो रहा है। बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी कुशल कौशल का परिचय देते हुए ये साबित कर दिया है कि आज भी प्राचीन परंपरा के अनुसार उनकी राजनीति धर्म के मार्गदर्शन और दिशा-निर्देश के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे है यही है बृजमोहन अग्रवाल के राजनीतिक व्यक्तित्व का परिचायक। राजिम कुंभ की शुरूआत बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी सरकार के सहयोग से आज से वर्षो पहले कर दी थी, लेकिन पिछले पांच वर्षा के अंतराल के बाद धुमिल हुआ, जिसे श्री अग्रवाल ने कुंभ की भव्यता को ग्रहण से निकालकर पुनः उदितमान किया। जिससे धर्म आस्था और श्रद्धा के उज्जवल प्रकाश में ज्ञान की संगम में कुंभ के पर्व स्नान का स्वभाव पुनः छत्तीसगढ़ की जनमानस को मिला जिसके प्रति समस्त जनमानस कृतज्ञता पूर्ण भाव से बृजमोहन अग्रवाल के प्रति साधुवाद सहित आभार व्यक्त करते है। इस कुंभ से निकलने वाली उर्जावान किरणे जब जनमानस के आशीर्वाद के साथ एक नये दिव्य उर्जा में परिवर्तित होकर अपनी संपूर्ण शक्ति का संचार बृजमोहन अग्रवाल के संकल्प में संचालित होती है तब कुंभ जैसे महान आयोजनो का आकार साकार लेकर अपनी पूर्णता को प्राप्त करता है। आज उम्र के इस पड़ाव में बृजमोहन अग्रवाल जिस अदृश्य गतिज उर्जा के साथ काम करते है वो क्षेत्र की जनता और उनकी आत्मीय जनों का प्यार तथा संतो का आशीर्वाद तथा ईश्वर की अनुकम्पा से संभव है। जिस आत्मीयता और सादगी के साथ बृजमोहन अग्रवाल एक-एक संतो से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछकर व्यवस्थाओ के जानकारी के साथ शिष्टाचार आत्मसम्मान से राजिम में पहुंचने वाले समस्त संत महात्मा ही नहीं अपितु आने वाले कलाकार और श्रद्धालु जनों से ले रहे है उनकी इस शिष्टता के प्रति आने वाले लोग भी कृतज्ञ भाव से उनके सम्मान में झुक जाते है। यह बृजमोहन अग्रवाल को अपनी माता से मिले संस्कार की पणिनिती है जिसके कारण आज बृजमोहन अग्रवाल राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लोकप्रियता के शिखर में है।

# आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के वार्षिक अधिवेशन में विधायक ने सामाजिक भवन की घोषणा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 6 मार्च।** आदिवासी ध्रुव गोड समाज परिक्षेत्र राजिम का वार्षिक अधिवेशन परसदा सर्कल अंतर्गत ग्राम खपरीपारा बासीन में संपन्न हुआ जिसमे राजिम राज के 6 सर्कल के पदाधिकारी एवं सगा बंधु भरी संख्या में उपस्थित रहे। वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ ज्योतिपुंज बुद्धदेव की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया तत्पश्चात समाज के वार्षिक लेखा-जोखा और सामाजिक नियमों के बारे में चर्चा हुई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोहित साहू जी विधायक राजिम विधानसभा व अध्यक्षता तोरणलाल ध्रुव अध्यक्ष राजिम राज ने किया विशेष अतिथि में चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत गरियाबंद मधुबाला रात्रे जी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद कमल सिन्हा मंडल श्रीमती अन्नपूर्णा पटेल सरपंच ग्राम पंचायत बासीन श्रीमती टोमेश्वरी रात्रि जनपद सदस्य बासीन श्रीमती लेकिन साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री पूरनलाल ध्रुव अध्यक्ष जिला गरियाबंद आदिवासी समाज अशोक ध्रुव जिला सचिव गरियाबंद हेमलाल ध्रुव अध्यक्ष रायपुर जिला बुद्धेश्वर ध्रुव जिला सचिव रायपुर जिला मनरखन ध्रुव अध्यक्ष ध्रुव समाज महासमुंद राजकुमार ध्रुव सचिव जिला महासमुंद अध्यक्ष रहे। विधायक रोहित साहू जी ने अपने उद्बोधन में आदिवासी समाज के लोगो को सरल स्वभाव का बताया समाज को हर क्षेत्र में आगे आकर अपने नेतृत्व क्षमता से हर क्षेत्र में आगे बढ़ते रहना चाहिए। आदिवासी मूल निवासी है उन्होंने अपने कुल देवी देवताओं के रीति नीति के अनुरूप जल जंगल जमीन के रक्षक है आदिवासी समाज ऐसा समाज है जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है इतिहास में जाके देखे तो आजादी की लड़ाई में वीरनारायण सिंह बिरसा मुंडा जैसे वीर सपूतों ने अपना सारा जीवन निछावर कर दिया है वर्तमान में देखे तो आज प्रदेश के मुख्या के तौर पर मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय जी तो देश के सर्वोच्च संविधानिक पद राष्ट्रपति द्रुपति मुर्मू जैसे ने आज आदिवासी समाज का नाम एवं मान बढ़ाया है इस अनुरूप समाज में जागरूकता लाकर समाज में शिक्षा को बढ़ाने की जरूरत है और युवाओं को आगे आकर बढ़चढ़ कर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। विधायक जी ने उक्त कार्यक्रम में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के हितों को ध्यान में रखकर खपरीपारा बासीन में 7 लाख रुपए लागत का आदिवासी सामाजिक भवन की घोषणा कीजिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे जी ने भी अपने फंड से ग्राम पंचायत हथखोज में 3 लाख रुपए लागत से आदिवासी समाज देवगुड़ी या रंगमंच देने आश्वाशन दिए। कार्यक्रम का संचालन लीलाधर ध्रुव व आभार व्यक्त राजिम परिक्षेत्र उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम ध्रुव ने किया उक्त कार्यक्रम में राजिम परिक्षेत्र संरक्षक विजय ध्रुव, मोहन ध्रुव सचिव नातुन ध्रुव,कोषाध्यक्ष अग्रहित ध्रुव,महामंत्री रामाधार ध्रुव परसदा जोशी सर्कल अध्यक्ष कल्याण ध्रुव सचिव राजकुमार ध्रुव सुरसबांधा अध्यक्ष डोमार ध्रुव सचिव लीलाराम ध्रुव राजिम सर्कल अध्यक्ष अमित ध्रुव सचिव कमलेश ध्रुव कौंदकेरा सर्कल अध्यक्ष शत्रुहान ध्रुव सचिव निजाम ध्रुव लोहरसिंग सर्कल अध्यक्ष संतु राम ध्रुव मुड़तराई सर्कल अध्यक्ष तोरण ध्रुव सचिव छबीराम ध्रुव सदस्य गण राजेंद्र ध्रुव उदेराम ध्रुव रामानंद ध्रुव डोमदरू घनश्याम ध्रुव कलीराम ध्रुव जगदीश ध्रुव धर्मेंद्र ध्रुव मन्नू ध्रुव मोहन ध्रुव एवं समाज सेवक टाल सिंह ध्रुव सहित राजिम परिक्षेत्र के 54 गांव के सगा बंधु लोग भरी संख्या में उपस्थित रहे।



## पीएम विश्वकर्मा स्कीम के तहत जेजेएस परिसर में सिलाई प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन

**बीजापुर, 6 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज दिनाँक 05 मार्च 2024 को पी एम विश्वकर्मा स्कीम के तहत चल रहे जे.जे.एस. परिसर बीजापुर मे सिलाई प्रशिक्षण का असससेस्मेंट के साथ प्रथम बैच समापन किया गया। इस प्रथम बैच का प्रशिक्षण आरंभ दिनाँक 29 फरवरी 2024 से 04 मार्च 2024 तक था, इस बैच में कुल 32 प्रशिक्षु उपस्थित थे। इस दौरान निदेशक, जे.जे.एस. बीजापुर श्री अभिषेक अवस्थी ने अपने उदबोंदन मे कहा कि पी एम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है, जो पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है। इस योजना में उन्हें आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और मार्केटिंग मे सहूलियत मिलेगी इसके अलावा योजना मे कुल 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय करने वालों को पुरानी तकनीक से ऊपर उठकर आगे नई तकनीक के साथ काम करने के बारे मे विभिन्न जिलों में सिखाया जा रहा है इस कड़ी मे जे.जे.एस. बीजापुर मे भी वर्तमान मे दर्जी व नाई के कार्य करने वालों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह ट्रैनिंग बैच अनुसार कारीगरों को 5-6 दिनों तक दी जाती है और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है साथ ही टूलकिट व 500 रुपये प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि के रूप मे लाभार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा देने का प्रावधान है। इसमे लाभार्थी की दैनिक उपस्थिति बॉयोमीट्रिक द्वारा ली जाती है। अब तक जे.जे.एस. बीजापुर मे दर्जी व नाई के जॉब रोल मे 150 से अधिक लोगों का वेरीफिकेशन कर लिया गया है। इस प्रथम बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यालय के सभी कर्मचारीगण तथा प्रशिक्षण केंद्र के ट्रैनर, आंकलनकर्ता व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।



## थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत छुटवाई में नवीन सुरक्षा कैंप की स्थापना

**बीजापुर, 6 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 153 वी वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, चिन्नाकोड़पाल, बीजापुर (छत्तीसगढ़) द्वारा थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत छुटवाई में दिनांक 03/03/2024 को एक नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया, जिससे क्षेत्र में यह संदेश फैला है कि सुरक्षाबल जनमानस की सहायता, सहयोग एवं उनके सुरक्षा के लिए है। नवीन सुरक्षा कैम्प के स्थापना के बाद क्षेत्र के विकास को नया आयाम मिलेगा साथ ही शासन की कल्याणकारी योजना जन मानस तक पहुंचेगा। नवीन सुरक्षा कैंप स्थापना से ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। 153 वाहिनी केरिपु द्वारा छुटवाई गांव में चिकित्सा कैम्प लगाया गया। चिकित्सा कैम्प में छुटवाई के ग्रामीणों एवम् बच्चों को निःशुल्क दवा वितरण एवं उचित इलाज कर सहायता प्रदान किया गया।



## आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार विवाह कराने सौंपा ज्ञापन

**बीजापुर, 6 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व आदिवासी समाज बीजापुर का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय से मिल कर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आदिवासी जोड़ों का विवाह आदिवासी परंपरा के अनुरूप करने की मांग की है।सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश पैंकरा ने बताया कि समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर अनुराग पाण्डेय से मिला और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आदिवासी जोड़ों का विवाह आदिवासी परंपरा के अनुरूप करने की मांग की है। जिस पर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने आयोजन कर्ता महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बुला कर समाज प्रमुखों की मंशा से अवगत कराया साथ ही उन्होंने कहा कि दीगर समाज और धर्म पंथ के हिसाब से शादी वाले जोड़ों के मन के मुताबिक आयोजन किए जाएं। इस दौरान कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिले में चल रहे विकास कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाने में समाज प्रतिनिधियों के सहयोग की बात कही।इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी, सुकुल साय तेलम, सीताराम मांझी, सालिक नागवंशी, मनोज अवलम, सोमारू कश्यप, सुशील हेमला, कुंवर सिंह मज्जी, रामलाल कर्मा, राजू कलमुम, कमलेश पैंकरा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## टीम ने प्रेशर बम को नष्ट किया

**बीजापुर, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 05/03/2024 को कैम्प चेरपाल से केरिपु 222 की टीम सड़क सुरक्षा डयूटी पर गंगालूर की ओर निकली थी । बीडीएस 222 केरिपु की टीम के द्वारा डीमाईनिंग के दौरान बीजापुर गंगालूर मार्ग में चेरपाल से 1 किमी आगे गंगालूर की ओर मुख्य सड़क से 70 मीटर भीतर माओवादियों के द्वारा लगाये गये 05 किग्रा का प्रेशर द्वश्रष्ट बरामद किया गया ।केरिपु 222 की बीडीएस टीम के द्वारा बरामद प्रेशर IED को सतर्कता पूर्वक नष्ट किया गया ।क्षेत्र में लगातार सघन गश्त सर्चिंग जारी है ।



# प्राथमिक शाला चचौद,श्यामनगर में न्योता भोज का आयोजन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 6 मार्च।** शासकीय प्राथमिक शाला चचौद (श्यामनगर) में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया.संस्कृत के सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात शुभ कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए. एक ऐसे ही शुभ कार्य के लिए पहल करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला चचौद के शिक्षकों द्वारा न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया.न्योता भोज के तहत बच्चों को दाल, चावल, सब्जी के अलावा खीर पूड़ी, बड़ा एवं भजिया परोसा गया.भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियाँ झलक रही थी.इस अवसर संकुल प्राचार्य वर्षा नेताम (धूमा) ने कहा कि जो व्यक्ति छात्रों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। न्योता भोज के तहत व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ,जन्मदिन,विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे.खीर-पूड़ी,मिठाई,दूध,पौष्टिक भोजन और मौसमी फलों का भी दान किया जा सकेगा। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य वर्षा नेताम प्रधानपाठक तिलक राम ध्रुव,कनकलता साहू, दुर्गा भारद्वाज, कौशिल्या साहू, रामकी ध्रुव, सरपंचदुर्गा साहू, शा वि स अध्यक्ष राजू सेन,उपाध्यक्ष मुंगिया साहू, शिक्षाविद प्रेमलाल साहू व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।


## रामलला दर्शन योजना : जिले के 142 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक चलाई जा रही विशेष ट्रेन को 5 मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवम वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, दयाल दास बघेल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को मंगलवार सुबह 10.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 07 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी 05 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा।महासमुंद जिले में कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अपने अपने विकासखंड से यात्रियों को रवाना किया।

# महतारी वंदन योजना बनी नक्सल पीड़ित परिवारों का सहारा

**बीजापुर 6 मार्च ।** बीजापुर छत्तीसगढ़ राज्य के अत्यंत सुदूर एवं माओवाद प्रभावित जिला है सुदूर अतिसंवेदनशील माओवाद क्षेत्र से भय और आतंक के डर से कई नक्सलपीड़ित परिवार जिला मुख्यालय के पुनर्वास किए है जिनमे से चेरपाल निवासी बाकली हपका एवं लंकापल्ली निवासी वंदना मणी भी शामिल है। दोनो महिलाओं ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना, महतारी वंदन योजना हमारे जैसे जिले के हजारों महिलाओं के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनकर आई है। अब इंतजार की घड़ी खत्म होने जा रहा है 07 मार्च को हमारे खाते में महतारी वंदन योजना की पहली किस्त एक हजार रूपए आएंगे हम भविष्य के लिए स्वयं को अब सुरक्षित महसूस करने लगे हैं। हमारी छोटी-मोटी जरूरतें बच्चों की पढ़ाई उनके आम जरूरतें अब आसानी से पूरा कर सकेंगे। वंदना मणी ने योजना के बारे में जानकारी महतारी वंदन रथ से मिलने की बात बताई। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा महतारी वंदन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सुदूर अंचलों में महतारी वंदन रथ के माध्यम से किया गया जिसका सकारात्मक परिणाम मिला। अंदरूनी क्षेत्रों की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर अपना आवेदन जमा किया।बाकली हपका एवं वंदना नक्सल पीड़ित परिवार होने के कारण प्राथमिकता के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा उनको रोजगार का अवसर प्रदाय करने स्थानीय चिक्की फैक्ट्री में काम दिया गया है। रोजगार से मिलने वाली आय के साथ-साथ अब महतारी वंदन योजना की रकम मिलने से बाकली और वंदना दोनो महिलाएं स्वयं को आर्थिक रूप से मजबूत और सशक्त महसूस कर रही हैं। इसी तरह चिक्की फैक्ट्री में कार्यरत अन्य 14-15 महिलाएं हैं जिन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में इस योजना को महत्वपूर्ण बताते हुऐ प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय एवं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुऐ भावुक मन से कहा कि हम महिलाओं के बारे में संवेदनशील निर्णय लेकर हमें आर्थिक आजादी की ओर अग्रसर किया है। नारी शक्ति ही समाज और देश की असली शक्ति है। सम्मानपूर्वक और आर्थिक आजादी देकर शासन से हमें और भी सशक्त बनाया है जिसका उत्साह बीजापुर जैसे सुदूर क्षेत्रों में भी 38 हजार से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक योजना से लाभ लेने घर से निकलकर यह संदेश दिया है कि हम शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने की ओर जागरूक हैं।ज्ञात हो कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 07 मार्च को महतारी वंदन सम्मेलन पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। बीजापुर मुख्यालय के सामुदायिक भवन के सामने मिनी स्टैडियम में कार्यक्रम आयोजित होगा।



# शिक्षकों की मांगों पर रणनीति बनाकर कार्य करने का निर्णय

**राजिम, 6 मार्च।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय वर्चुएल बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व वित्त मंत्री को दिए गए ज्ञापन व चर्चा की जानकारी विस्तार से दी गयी।प्रथम नियुक्ति के आधार पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन देने, पेंशन हेतु 33 वर्ष की सेवा के स्थान पर केंद्र, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड की तरह 33 वर्ष की जगह 20 वर्ष करने, वेतन विसंगति को दूर करने, क्रमोन्नति वेतनमान पूर्व सेवा के आधार पर निर्धारित करने, प्राचार्य के पद पर एल बी संवर्ग के व्याख्याता को पदोन्नति करने, व्याख्याता, शिक्षक व प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति करने, लंबित 4 त्र महंगाई भत्ता देने की मांग पर तथ्य के आधार पर चर्चा की गई, प्रमुख मांगो के अलावा पूरक मांग पत्र तैयार करने का भी निर्णय लिया गया।राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना को बंद नही किया गया है बल्कि वहां पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है, कुछ माध्यम से गलत जानकारी आई है, जिससे सतर्क रहने कहा गया है। सभी जिला व ब्लाक में बैठक में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक का संचालन प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य ने किया, बैठक को वाजिद खान, बसंत चतुर्वेदी, शैलेन्द्र पारीक, उदय प्रताप सिंह, ऋ षि देव सिंह, रमेश चंद्रवंशी, पूरन लाल साहू सहित पदाधिकारियों ने संबोधित किया, बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष ने विचार रखा।छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो को ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया गया है, शीघ्र ही वित्त व शिक्षा सचिव से मुलाकात करने पर चर्चा हुई, कैशलेश इलाज की सुविधा हेतु निर्णय कराने सार्थक प्रयास किया जाएगा। दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को पेंशन, ग्रेच्युटी, जीआईएस, अर्जित अवकाश नगदीकरण हेतु आवश्यक प्रयास करने सभी जिला व ब्लाक अध्यक्षों को निर्देशित किया गया।



## एक नजर

### सट्टा पट्टी के साथ आरोपी पकड़ाया



डोंगरगांव 6 मार्च। डोंगरगांव पुलिस के द्वारा क्षेत्र मे चोरी , लुट , अवैध शराब बिक्री , व अन्य संवेदनशील मामलो के गतिविधि?यों पर सतर्कता बरतने नजर रखी जा रही है इसी तारतम्य मे क्षेत्र के लुक छुप कर चल रहे सट्टा कागज मे अंको के सामने रूपये पैसे का दाव लगाकर लोगो को सट्टा पट्टी नामक खेल खेलाने वालो पर कार्यवाही करते हुये दिनांक 04.03.2024 को प्राप्त मुखबीर सुचना कि ग्राम अर्जुनी सिंगारपुर चौक के पास एक व्यक्ति कागज मे अंको के सामने रूपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा पट्टी नमक जुआ खिला रहा है कि सुचना पर मौके पर संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर मौके पर आरोपी हुकुम दास साहू पिताजीवन दास साहू, उम्र- 25 साल, पता- अर्जुनी थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, छ0ग0, मो0नं0- 9109070092 को रंगे हाथो एक नग सट्टा पट्टी का कागज जिसमे रूपये पैसे का दाव लगा लिखा हुआ, नगदी रकम 2440 रूपये एक नग डार्क पेन जुमला रकम 2440 रूपये , सट्टा खेलाते हुये आरोपी पकड कर गिर0 किया है , उक्त कार्यवाही मे पुलिस स्टाफ डोंगरगांव का विशेष भुमिका रही ।

### निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस



राजनांदगांव 6 मार्च। प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ आज सुबह वार्ड नं. 10 व 11 के शंकरपुर स्टेशन पारा क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर निर्माण कार्य देखे तथा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता वार्ड नं. 10 शांतिनगर शंकरपुर में निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान शारदा चौक में नाली निर्माण कार्य का जायजा लेकर कहा कि नाली में ढाल का विशेष ध्यान रखा जाये, ताकि पानी निकासी हो सके, बौद्ध विहार सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नही करने तथा शांतिनगर में अधुरे नाली निर्माण पर नराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्ड नं. 11 स्टेशन पारा में दो स्थानों पर मंच निर्माण कार्य देख कहा कि मोहल्ले वालों की भावनाओं के अनुरूप मंच का निर्माण हो, इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। चिखली रेल्वे फाटक के पास अण्डर ब्रिज निर्माण के दौरान पाईप लाईन को शंकरपुर से जोडने के निर्देश दिये, जिससे स्टेशन पारा क्षेत्र में पर्याप्त पानी सप्लाई हो सके। शांतिनगर, शंकरपुर व स्टेशन पारा में सफाई व्यवस्था देख आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि नियमित रूप से सडकों व गलियों की सफाई हो, नालियों की सफाई कर कचरा उठाये, घर घर कचरा संग्रहण के दौरान घर में ही कचरा पृथककरण के लिये समझाईस देवे व सतप्रतिशत यूजर चार्ज की वसूली करे। इसके अलावा निष्ठा के माध्यम से उपस्थिति लेवे निष्ठा के अभाव में सुपरवाईजर के विरूद्ध कार्यवाही करे। सफाई में लापरवाही न हो विशेष ध्यान रखा जावे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू व श्री डाकेश्वर कर्ष, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी उपस्थित थे।

# अल्ट्राटेक यूनिट वंचित महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में कर रही है मदद

रायपुर, 6 मार्च। छत्तीसगढ़ में रायपुर के पास स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट की इंटीग्रेटेड सीमेंट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स ने सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़ी हुई स्थानीय महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के माध्यम से आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद की है। इन महिलाओं के स्वालम्बी बने रहने हेतु आस पास के छेत्र में अवसर तथा स्थिर आय के साधन बहोत ही सिमित हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए यूनिट ने महिलाओं को इंडस्ट्रियल सिलाई मशीन संचालन में प्रशिक्षित करने के लिए भारत के सबसे बड़े परिधान निर्माताओं और रेडीमेड कपड़ों के निर्यातकों में से एक, शाही एक्सपोर्ट्स के साथ पार्टनरशिप की, जिससे उन्हें रोजगार सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। कोलाब्रेशन के रूप में ही, शाही एक्सपोर्ट्स ने अपनी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटों में प्रशिक्षित महिलाओं को रोजगार की गारंटी दी।



प्रशिक्षण देने के लिए बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के परिसर में एक ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया गया। बैकुंठ सीमेंट वर्क्स की सीएसआर टीम ने यूनिट के आस-पास के गांवों में रहने वाले लोगों को घर-घर जाकर परामर्श, परिवारों के साथ व्यक्तिगत बातचीत और स्थानीय पंचायत एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी के माध्यम से एकजुट किया। 20 गांवों से 120 से अधिक महिलाओं को उनकी उम्र, बेरोजगारी की स्थिति, और नौकरी के लिए स्थानांतरित होने की इच्छा के आधार पर प्रशिक्षण के लिए चुना गया।

अब तक 95 महिलाएं प्रशिक्षण पूरा कर चुकी हैं। परिवारों के साथ जुड़ने में हमारी सीएसआर टीम के प्रयासों के कारण, इनमें से 40 महिलाएं बेंगलुरु और हैदराबाद में शाही एक्सपोर्ट्स की मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स में नौकरियां लेने में सक्षम हो गई हैं। इसके अलावा, तीस महिलाएं, जो पारिवारिक और अन्य व्यक्तिगत कारणों से स्थानांतरित नहीं हो सकीं, उन्होंने अपने गांवों में सिलाई सेवाएं प्रदान करके स्वरोजगार अपनाया है। यूनिट उन बाकि महिलाओं के साथ जुड़ रहा है, जो न तो नौकरी के प्रस्ताव ले सकीं और न ही स्व-रोजगार अपना सकीं, ताकि उनकी व्यक्तिगत परिस्थितियों के आधार पर उन्हें भविष्य में आजीविका के अवसर तलाशने में मदद मिल सके।

अल्ट्राटेक, श्रीमती राजश्री बिड़ला की अध्यक्षा के साथ, आदित्य बिड़ला सेंटर फॉर कम्युनिटी इनिशिएटिव्स एंड रूरल डेवलपमेंट के तत्वावधान में अपनी सामाजिक पहल करता है। अल्ट्राटेक के सीएसआर फोकस क्षेत्र शिक्षा, हेल्थकेयर, सस्टेनेबल लाइवलीहुड्स, कम्युनिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और समाज के अन्य मुद्दे हैं। अल्ट्राटेक अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से भारत भर के 16 राज्यों के 500 से अधिक गांवों में 16 लाख से अधिक लाभार्थियों तक पहुंचता है।

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के बारे में

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख सीमेंट कंपनी है। 7.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के राजस्व के साथ, अल्ट्राटेक चीन के बाहर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक है, जिसकी कुल ग्रे सीमेंट उत्पादन क्षमता 142.79 एमटीपीए है। अल्ट्राटेक जीसीसीए क्लाइमेट एंबिशन 2050 का एक हस्ताक्षरकर्ता है और जीसीसीए द्वारा घोषित नेट जीरो कंक्रीट रोडमैप के लिए प्रतिबद्ध है।

# महतारी वंदन योजना का सभी पात्र महिला हितग्राहियों को मिले लाभः कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 मार्च। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने योजनांतर्गत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी जनपद पंचायत को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी में पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि कोई भी पात्र महिला हितग्राही महतारी वंदन योजना से नहीं छूटना चाहिए। इसके लिए बैंक खातों से आधार लिंक कार्यवाही समय-सीमा में सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि 6 मार्च को प्रधानमंत्री संवाद और 7 मार्च को महतारी वंदन योजना का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में राशन कार्ड के नवीनीकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में इसका नवीनीकरण कार्य किया जाना है यह सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी शासकीय कार्यालयों में शासकीय कर्मचारियों को अपने अनुशासन में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा जो समय शासकीय कार्यालय कार्यालयीन समय में पहले बंद नहीं होनी चाहिए, यदि ऐसी स्थिति पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को न्योता भोजन के लिए रोस्टर बनाकर पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अन्य कार्यालयों में संलग्न शिक्षकों को संबंधित स्कूलों के लिए कार्य मुक्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनसमस्या निवारण शिविर में मांग एवं शिकायतों से संबंधित प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिक एवं उनके प्रथम दो आश्रित संतानों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क पीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे पुलिस भर्ती परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग सहायता योजना संचालित है। इसके लिए उन्होंने अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने कहा। जिससे श्रमिकों के आश्रित बच्चों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मजदूरी दर पर कार्य करने वाले श्रमिकों का अनिवार्य रूप से श्रमिक पंजीयन कराने कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंडी में कार्यरत श्रमिकों का श्रमिक पंजीयन कराने कहा।

# कार्यशाला में राजनांदगांव रेंज के 4 जिलों के राजपत्रित अधिकारी हुए शामिल

राजनांदगांव 6 मार्च। 5 मार्च को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री दीपक झा (भा.पु.से.) के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन कार्यालय से आये मास्टर ट्रेनर श्री कैलाश शर्मा, देवेन्द्र सिंह ठाकुर एवं भूपेश साहू द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागृह में लोकसभा निर्वाचन 2024 सुरक्षित, निश्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने हेतु पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक श्री दीपक झा द्वारा कहा गया कि निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। लोग बिना किसी भय, प्रलोभन के मतदान कर सके इस हेतु उचित वातावरण बनाये रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भमिका होती है। पुलिस अधिकारियों को मतदान के पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर पुलिस के कर्तव्य और उनके कार्यों की जानकारी दी गई, पुलिस अधिकारियों को चुनाव आयोग के द्वारा जारी दिशा-निर्देश के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# गोपलिनचूवा शाला परिसर में कराया गया न्योता भोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 6 मार्च। स्कूल शिक्षा विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर कारगर बनाने हेतु प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अजय अनूप रामटेके वह माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक लोचन दास हिरवानी द्वारा शाला परिसर के समस्त बच्चों को न्योता भोजन करवाया गया, इस न्योता भोजन में बच्चों को खीर, पुड़ी, भजिया विशेष रूप से बांटा गया। ग्रामीणवासी ग्राम के सरपंच श्री सूर्यकुमार रावटे व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व संकुल समन्वयक ईश्वर पटेल व संकुल समन्वयक करमतरा पवन रामटेक, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य श्रीमती शारदा रामटेके शामिल हुए व शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, अनंत सुख लांजेवर, याजेन सिंह कचलामे, एस के बघेल, श्रीमती रेखा कोमा, के द्वारा बच्चों को न्योता भोज में खाना परोसा गया। शाला परिसर द्वारा एक सफल आयोजन करवाया गया। यह जानकारी श्री अजय अनूप रामटेके प्रधान पाठक ( गोपलिंचुवा) द्वारा दिया गया।



# सट्टा पट्टी खेलाते रंगे हाथो पकड़ा

राजनांदगांव 6 फरवरी। थाना डोंगरगांव ङ्क दिनांक 05.03.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व क्षेत्र मे चोरी , लुट , अवैध शराब बिक्री , व संवेदनशील मामलो के गतिविधि?यों पर नजर रखी जा रही है इसी तारतम्य मे क्षेत्र के लुक छुप कर चल रहे सट्टा कागज मे अंको के सामने रूपये पैसे का दाव लगाकर लोगो को सट्टा पट्टी नामक खेल खेलाने वालो पर कार्यवाही करते हुये दिनांक 05.03.2024 को प्राप्त मुखबीर सुचना कि ग्राम भाखरी चौंक ग्राम किरगी एक व्यक्ति कागज मे अंको के सामने रूपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा पट्टी नमक जुआ खिला रहा है कि सुचना पर मौके पर संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर मौके पर आरोपी जगतराम सेवता पिता स्व0 तलबसिंह सेतवा , उम्र- 42 साल , पता- ग्राम किरगी, थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव,छ0ग0 मो0नं0- 7610156738 को रंगे हाथो एक नग सट्टा पट्टी का कागज जिसमे रूपये पैसे का दाव लगा लिखा हुआ, नगदी रकम 1610/- रूपये एक नग डार्क पेन जुमला रकम 1610/- रूपये , सट्टा खेलाते हुये आरोपी पकड कर गिर0 किया है। एवं अन्य दो अलग अलग मामलो मे पुलिस जांच के दौरान अनावेदकों के द्वारा प्रार्थीयों को अपने खिलाफ शिकायत करने के विरोध मे मौके पर वाद विवाद पर उतारू हो गया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202403092100033
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका सुल्ताना हुसैन पति अब्दुल हुसैन जाति मुसलमान, निवासी जय संतोषी हाउसिंग सोसायटी, श्याम नगर, पारडी नागपुर, पोस्ट थाना तहसील जिला नागपुर (महाराष्ट्र) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका/क्रेता के द्वारा अनावेदक/विक्रेता गगनदीप सिंह भाटिया पिता रजपाल सिंह भाटिया, जाति सिक्ख निवासी बुधवारी पारा, वार्ड नंबर 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के पास से उनके भूमिस्वामी हक वो आधिपत्य की भू सम्पत्ति नजूल शहर पटेल वार्ड नंबर 17 डोंगरगढ़ स्थित शीट क्रमांक 02 भूखण्ड क्रमांक 1271/3 में से 204 वर्गफीट भू भाटक बि.ल. को क्रय किया गया है। उक्त प्लॉट की रजिस्ट्री दिनांक 30/01/2024 को विधिवत् उप पंजीयक महोदय डोंगरगढ़ के समक्ष सम्पन्न हो चुकी है। आवेदिका /क्रेता के द्वारा क्रय शुदा उपरोक्त प्लाट का प्रमाणीकरण आवेदिका / क्रेता के पक्ष में किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह दिनाँक 08/04/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
एवं नजूल अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग)



**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20240121190012
अ-6 वर्ष 2023-24
ग्राम रामपुर प.ह.नं. 27

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश पिता लखनलाल यदु वगैरह निवासी ग्राम रामपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम रामपुर प.ह.नं. 27 रा.नि.मं करहीबाजार तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 52 रकबा 0.5180 हे. राजस्व अभिलेखों में गणेश पिता लखनलाल यदु के नाम पर एवं ग्राम रामपुर प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा में भूमि खसरा नंबर 374/2, 374/3 रकबा क्रमशः 0.2140, 0.2100 हे. कुल खसरा नंबर 02 योग रकबा 0.4240 हे. भुमि राजस्व अभिलेख शंकर विश्वकर्मा वगैरह के नाम पर दर्ज है। आवेदक पक्ष क्रमांक 01 द्वारा पंजीकृत तबादलानामा दिनाक 12/01/2024 के आधार पर गणेश पिता लखनलाल यदु के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 52 रकबा 0.5180 हे. को शंकर वगैरह के नाम पर तथा खसरा नंबर 374/2, 374/3 रकबा क्रमशः 0. 2140, 0.2100 हे. कुल खसरा नंबर 02 योग रकबा 0.4240 हे. भूमि गणेश पिता लखनलाल के नाम पर भूमि प्राप्त किया है, जिसमें दोनों पक्षकार उपरोक्त तबादला से प्राप्त भूमि पर बिना किसी वाद-विवाद के कब्जा प्राप्त कर काबिज चले आ रहे है. उपरोक्त वर्णित भूमि का उप पंजीयन कार्यालय भाटापारा में दस्तावेज क्रमांक 2227 दिनांक 12/01/2024 को निष्पादित हुआ है वर्णित भूमि का तबादलानामा दर्ज किये जाने हेतु पंजीकृत तबादलानामा की छायाप्रति बी-1, खसरा की नकल सहित आवेदन पत्र पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 11/03/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 11/03/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05/03/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर

नायब तहसीलदार
निपनिया


# कलेक्टर ने संवेदनशीलतापूर्वक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

- जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर जिले के दूरस्थ स्थानों से पहुंचे नागरिक
- जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश



राजनांदगांव 6 मार्च। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के दूरस्थ स्थानों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। आज जनदर्शन में 64 आवेदन प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार लोगों की सुविधा के लिए अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालयों, जनपद पंचायत कार्यालय, नगरीय निकायों के कार्यालयों में जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशन में जिला अधिकारियों द्वारा जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही त्वरित निराकरण की दिशा में सार्थक कार्य किया जा रहा है।

जनदर्शन कार्यक्रम में आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बैगाटोला निवासी श्री ललित कुमार साहू के निजी भूमि में हाईटेंशन तार लगा हुआ है। जिसके लिए श्री ललित साहू द्वारा मुआवजा राशि की दिलाने की मांग की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम राजनांदगांव को निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसी तरह जनदर्शन में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बोदेला निवासी श्री झनेन्द्र श्रीवास ने घर के उपर से विद्युत लाईन को हटाने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम फरहद, पनेका एवं रेवाडीह के निवासियों फरहद चौक फ्लाईओवर के नीचे से अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन किया। ग्राम पटेवा निवासी श्री रिखी राम साहू ने मुआवजा राशि दिलाने के लिए आवेदन किया। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बम्हनीभांठा के निवासियों ने मनरेगा योजना अंतर्गत कराये गये कार्यो की मजदूरी भुगतान के लिए आवेदन किया। इसके साथ ही जनदर्शन में ग्रामीणों ने सामुदायिक कार्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति जैसे अनेक कार्यों के लिए आवेदन किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की निगरानी एवं देखरेख में प्राथमिकता से जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गांधी सभागृह एवं परमेश्वरी भवन चिखली में होगा सीधा प्रसारण

राजनांदगांव 6 मार्च। शासन निर्देशानुसार प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा स्व सहायता समूह एवं विभिन्न संगठनों से जूडी महिलाओं से सीधा संवाद किया जायेगा, जिसके सीधा प्रसारण के लिये नगर निगम द्वारा म्यूनिस्पल स्कूल मैदान स्थित गांधी सभागृह एवं चिखली पानी टंकी के पास स्थित देवांगन समाज के परमेश्वरी भवन में प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा है, जिसके नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व सहायक नोडल अधिकारी, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम को बनाया गया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202403211900006
ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम-रमदइया प.ह.नं. 30

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सूचित किया जाता है आवेदक शत्रुहनलाल पिता रामगरीब जाति गोड़ निवासी ग्राम पारागांव तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार -भाटापारा के व्दारा भू-स्वामी हक की भूमि ग्राम रमदइया प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 105, 106/1, 111/1, 111/3, रकबा 0.1250, 0.2630, 0.1620, 0.2030 हैं, कुल खसरा नंबर 04, योग रकबा 0.7530 हे., लगान 2.30 रुपये भूमि की भू-अधिकार पुस्तिका निवास स्थान ग्राम पारागांव से कही गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋष्टा पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन पेश किया है। जो न्यायालय के रा.प्र.क्र ब/121 वर्ष 2023-24 विचाराधीन है तथा दिनांक20/03/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त सबंध में किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति-दावा हो तो अपना आपत्ति-दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 20/03/24 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/03/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
निपनिया



**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202403211900007
ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम-खपरी प.ह.नं. 47

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सूचित किया जाता है आवेदक शत्रुहन पिता रामगरीब जाति गोड़ निवासी ग्राम पारागांव तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार -भाटापारा के व्दारा भू-स्वामी हक की भूमि ग्राम खपरी प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 47/1, 375/1, 381, 506/2, 507, रकबा 0.6430, 0.2750, 0.0400, 0.3800, 0.3040 हे. कुल खसरा नंबर 05, योग रकबा 1.6420 हे., लगान 3.10 रुपये भूमि की भू-अधिकार पुस्तिका निवास स्थान ग्राम पारागांव से कही गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋष्टा पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन पेश किया है। जो न्यायालय के रा.प्र.क्र.....ब/121 वर्ष 2023-24 विचाराधीन है तथा दिनांक 20/03/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त सबंध में किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति-दावा हो तो अपना आपत्ति-दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 20/03/24 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/03/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
निपनिया


### 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व पर मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव 6 मार्च। राज्य शासन के निर्देशानुसार महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 8 मार्च दिन शुक्रवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

Email-cskondagaon@gmail.com

क्रमांक /सि.स./ लेखा.शा./2023-24/01/1828 कोण्डागांव, दिनांक 09/03/24

**शुध्दिपत्र**

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु खुलि निविदा आहार प्रदायगीय एवं सुरक्षा साफ-सफाई कार्य हेतु जारी निविदा दिनांक 19/02/2024 को समाचार पत्रों में प्रकाशित सुरक्षा कार्य हेतु जारी निविदा के दस्तावेज प्रपत्र में अमानत राशि 50000/- रू. डिमांड ड्रॉफ्ट टंकन त्रुटी वश अंकित है उसे 100000/- रू. पढ़ा जावे। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगें।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय कोण्डागांव (छ.ग.)

जी- 08295/2



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 12/03/2024

| रा. क्र. | नि.आ.सू.क्र. नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 31/2023-24 दिनांक 01/03/2024 | 153590 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य आस्था गुरुकुल दन्तेवाडा कार्य की निविदा । | 67.71 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभिंयता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

जी- 08299/4

## एक नजर

### परिचय सम्मेलन 17 मार्च को

**रायपुर 6 मार्च।** राजधानी की बहुचर्चित एवं विश्व रिकार्ड से सम्मानित सामाजिक संस्था रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की ओर से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सभी जाति व समाज की विधवा, विधुर व तलाकशुदा प्राप्त महिला/ पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए 17 मार्च को सत्संग भवन हाल महामाया मंदिर, पुरानी बस्ती रायपुर में 10 बजे से राष्ट्रीय स्तर पर विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए अग्रिम पंजीयन प्रारंभ कर दी गई है। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, महासचिव श्रीमती अनघा करकशे कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसी महिला ,पुरुष जिनकी पति या पत्नी का देहांत हो चुका है अथवा वैद्य रूप से तलाक ले चुके हैं ऐसे सभी प्रतिभागियों के अंधेरे जीवन में फिर से बहार लाने के उद्देश्य से परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर संस्था के प्रदेश कार्यालय में अहम बैठक आयोजित हुई जिसमें सम्मेलन की रूपरेखा बनाई गई।

### बीजेपी हटाओ नौकरी पाओ को बनाया जाए नारा

**रायपुर 6 मार्च।** पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कुलदीप चावला एवं जलील कबीर ने राहुल गांधी



को पत्र लिखकर कहा है कि बीजेपी हटाओ नौकरी पाओ को इंडिया गठबंधन का प्रमुख नारा बनाया जाये । यह नारा समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने दिया है । भाजपा के हर वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने तथा हर नागरिक के खाते में 15 लाख देने का वादा किया था । यह दोनो झूठे नारे निकले भाजपा केवल भावनाऐं भड़काकर जनता से वोट लेती है । 3 मार्च को बिहार में राजद के तेजस्वी यादव ने केवल दो दिन के नोटिस पर 5 लाख की रैली आयोजित करके बता दिया कि बिहार में भाजपा की स्थिति अब बहुत कमजोर हो गई है, इसलिए बिहार में इंडिया गठबंधन को लोकसभा चुनाव में भाजपा से ज्यादा सीटे मिलेगी।

### क्लेम सैटलमेंट का उद्योग-अग्रणी अनुपात कायम

**रायपुर 6 मार्च।** वित्तीय नियोजन की अगर बात करें, तो जीवन बीमा इसका एक अनिवार्य घटक है, जो परिवार और आश्रितों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह पॉलिसीधारक की असामयिक मृत्यु की स्थिति में परिवार की वित्तीय भलाई सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा किया गया एक वादा है। इन अर्थों में यह किसी प्रियजन को खोने के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट को कम करने का एक बेहतर तरीका है। जीवन बीमा के मामले में क्लेम एक सच्चाई है और इसलिए किसी को उसी ब्रांड से पॉलिसी खरीदना चाहिए, जिस पर वे भरोसा करते हैं। क्लेम सैटलमेंट अनुपात और दावा निपटान में लगने वाले औसत समय के मूल्यांकन के आधार पर ग्राहक अपने अनुकूल जीवन बीमाकर्ता का चुनाव कर सकते हैं। क्लेम सैटलमेंट के मामले में टर्नअराउंड समय भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि लाभार्थियों को दावे की राशि शीघ्र प्राप्त हो।

### एनएआर इंडिया और जीएआर गठबंधन को सफलता

**रायपुर 6 मार्च।** नार्विगेट एक अभूतपूर्व इंडस्ट्रीयल रियल एस्टेट कन्वेंशन और वेयरहाउसिंग कॉन्क्लेव के रूप में एनएआर इंडिया और जीएआर के ऐतिहासिक गठबंधन ने एक अद्वितीय सफलताहासिल की है, जिसका आयोजन गोवा में आयोजित हुए इस कार्यक्रम ने न केवल 16वें एनएआर-इंडिया नेशनल कन्वेंशन को चिन्हित किया बल्कि संगठन की ऐसी शक्ति के रूप में प्रमाणित कर स्थापित किया जो परिवर्तन लाने में सक्षम है। इसमें पूरे भारत और दुनियाभर से 1200 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स, दूरदर्शी और एक्सपर्ट्स एक मंच पर इकठ्ठा हुए।

### टोल प्लाजा बंद करने विकास ने लिखा गडकरी को पत्र

**रायपुर 6 मार्च।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आज केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी को पत्र के माध्यम से कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा को तत्काल बंद करने संबंधित अधिकारी को आदेशित करने निवेदन किया है विकास उपाध्याय ने कहा की छत्तीसगढ़ अंतर्गत रायपुर भिलाई मार्ग में कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा का टेंडर समाप्त हो गया है उसके बाद भी छत्तीसगढ़ के नागरिकों से अवैध वसूली की जा रही है उपाध्याय ने कहा कि राशि लिए जाने के आरोप पर अधिकारियों द्वारा यह कहा गया है कि यह शुल्क मेंटेनेंस के लिए लिया जा रहा है जबकि दोनों ओरर ब्रिज निर्माण हो रहा है और वही भिलाई अंतर्गत टोल प्लाजा को बंद कर दिया गया है इससे साफ दिख रहा है कि केंद्र शासन और ठेकेदार की मिली भगत से टोल प्लाजा के रूप में अवैध वसूली का कारोबार चल रहा है अगर जल्द से जल्द टोल प्लाजा को बंद नहीं किया गया तो आमजन सड़क पर आकर आंदोलन करेगी!

### अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

**रायपुर, 6 मार्च।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 111 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 680 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने कठिया मोड़ के पास आरोपी पारसमणी 27 वर्ष व गौरंग कश्यप 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है।



**रायपुर 6 मार्च।** कोयलीबेड़ा क्षेत्र में हुई नक्सली मुठभेड़ में तीन निर्दोष ग्रामीणों की मौत मामले की जांच के लिए बनाई गई छत्तीसगढ़ कांग्रेस की जांच समिति ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दिया। जांच समिति ने जानकारी दी की तथाकथित नक्सली मुठभेड़ में मारे गए तीन लोग मनरेगा के मजदूर थे जिसे लेकर कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आज राज्यपाल से मिला और पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की।

# विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : राजस्व मंत्री

**रायपुर, 6 मार्च।** राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा है कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ का सपना महिलाओं को सशक्त बनाकर ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। महिलाओं में आर्थिक स्वावलंबन, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। इस योजना में महिलाओं को साल में 12 हजार रूपए की राशि दी जाएगी। इस योजना की पहली किस्त 7 मार्च को दी जाएगी। श्री वर्मा तिल्दा में आयोजित सशक्त नारी सम्मान समागम कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

बीएनबी स्कूल में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए बालिकाओं की शिक्षा के लिए समाज को जागरूक होना पड़ेगा। शिक्षित महिलाओं से ही समाज आगे बढ़ेगा। महिलाओं की शिक्षा से समाज में फैली अनेक कुरूतियां, भेदभाव को मिटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकार सम्पन्न महिला न केवल परिवार अपितु समाज और देश की निर्माण और उन्नति में महती भूमिका कर सकती है। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में महतारी सदन के नाम से भव्य भवन निर्माण कराया जाएगा। इस सदन में सभी मूलभूत सुविधाएं होंगी, जहां महिलाएं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर सकेंगी। इस सदन से जुड़ा बड़ा मैदान भी होगा। जहां महिलाओं के लिए खेलकूद और अन्य आयोजन किया जा सकेगा।इस अवसर पर महिलाओं के लिए पाककला, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने इस सभी गतिविधियों में उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सम्मानित उत्कृष्ट महिलाओं में तहसीलदर ज्योति मशियारे, स्वास्थ के क्षेत्र में डॉ. उमा पैकरा, ममता सुनानी, एवम विविध क्षेत्र में कला साहित्य शशि दुबे, पुष्पा वर्मा, सीमा शर्मा पत्रकारिता, जैसे महिलाओ का सम्मान किया गया जिसमे डॉ. ज्योति वाधवा जी, डॉ. आशा भट्टर जी, डॉ. अल्का सुना जी, डॉ. सुमन हरिरमानी मंजू तिवारी, सुधा डहरवाल, मधु राजपूत, मोना शर्मा,निलिमा वर्मा, नैना रोहरा, पूनम वर्मा ,प्रिया राठी सरिता चंदानी, सविता वर्मा शामिल है।

# नौकरी दिलवाने के नाम पर 8 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर 6 मार्च।** । छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 8 लाख 35 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फगेन्द्र यादव 35 वर्ष डब्ल्यूआरएस कालोनी खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जागेश्वर यादव ने प्रार्थी को छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर 14 सितंबर 2019 से लेकर 23 जनवरी 2023 के मध्य विभिन्न किस्तों में 8 लाख 35 हजार रुपए ले लिया और नौकरी नहीं दिलवाया।

जब प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला से मारपीट

**रायपुर 6 मार्च।** उधार पैसा वापस मांगने पर युवक ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अंजली कौशल 23 वर्ष इंद्रप्रस्थ रायपुरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी मोहम्मद नफीसुद्दीन ने प्रार्थिया से 50 हजार रुपए उधार लिया था। जिसे प्रार्थिया मांगने गई थी, तभी आरोपी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# मुख्यमंत्री ने सिकलसेल से जूझ रहे आयुष और आयुषि की सहायता के लिए बढ़ाया हाथ

**रायपुर 6 मार्च।** सिकल सेल की गंभीर बीमारी से जूझ रहे दो मासूम बच्चों को बीमारी से राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहल की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की चिरायु शाखा पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच में जुटी है। जिले के कांसाबेल तहसील के खूंटीटोली की निवासी दुर्गावती चौहान अपने दोनों बच्चे आयुष चौहान 5 वर्ष और आरूषि चौहान 2 वर्ष को लेकर बगिया स्थित सीएम कैम्प पहुंची थी। यहां उन्होनें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बताया कि उनके दोनों बच्चे सिकलसेल से पीड़ित हैं। उन्हें लगातार दवा और रक्त की जरूरत पड़ती है। लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से, इलाज में



परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएम साय ने दुर्गावती की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए,सीएमएचओ डॉ. आर.एस. पैंकरा को पीड़ित बच्चों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिए है।

चिरायु के नोडल अधिकारी डॉ. अरविन्द रात्रे ने बताया कि सिकलसेल जन्म से होने वाली अनुवांशिक बीमारी है। उन्होनें बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश का पालन करते हुए सिकलीन पीड़ित दोनों बच्चों को सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराया जा रहा हैं। रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिकलसेल मुक्त भारत बनाने के लिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत जिले में सिकलसेल की जांच की जा रही है। उन्होनें बताया कि सिकलसेल से जूझ रहे मरीजों को प्राथमिक राशन कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध करा, सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बच्चों को रक्त की जरूरत होगी तो उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा।

### युवक के खिलाफजुर्म दर्ज

**रायपुर 6 मार्च।** खम्हारडीह पुलिस ने सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि साईनाथ डेवलपर्स क्रिस्टल आर्केट अवंति बाई चौक शक्तिनगर में मोबाइल फोन क्रमांक 90984-80424 धारक हुसैन अली विभिन्न सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में महिला एवं बच्चो से संबंधित अश्लील सामग्री अपलोड किया है। जिससे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अस्पताल के पार्किंग से बाइक पार

**रायपुर 6 मार्च।** एम्स अस्पताल के पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी इसरारूल हक मीर 54 वर्ष बाकी मोंगरा कोरबा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 11 सीडी 7943 को एम्स अस्पताल के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

# कबड्डी खिलाड़ी की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**रायपुर 6 मार्च।** तीन दिन पहले एक कब्बड़ी खिलाड़ी की मेकाहारा में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिससे परिजनों ने आरोप लगाया है कि इस अस्पताल में न तो ढंग का डाक्टर है और न ही यहां जांच की कोई सुविधा है। जिसके चलते युवक की मौत हुई, इस बात को लेकर मृतक के भाई और गांव वालों ने कोतरा रोड थाना में सूचना देकर अस्पताल के सामने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

जानकारी के अनुसार कोतरा रोड थाना क्षेत्र स्थित ग्राम जोरापाली निवासी कबड्डी खिलाड़ी मुकेश पटेल पिता रामसाय पटेल उम्र 20 वर्ष के पैर में दर्द होने पर उसके परिजनों ने विगत 29 फरवरी को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान दो मार्च को मौत हो गई। जिससे



परिजनों का आरोप है कि इतना बड़ा अस्पताल तो शुरू कर दिया गया है, लेकिन यहां सुविधा कुछ भी नहीं है, साथ ही यहां ढंग का डाक्टर भी नहीं है। जिसके चलते यहां उपचार के लिए आने वाले ज्यादातर मरीजों की मौत हो जाती है। ऐसे में मृतक के परिजन गांव के दर्जनों लोगों के साथ मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंच कर गेट के सामने धरना पर बैठ गए। इसके साथ ही अस्पताल की व्यवस्था सुधारो या अस्पताल बंद करों का नारा लगाना शुरू कर दिया। वहीं प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि इस अस्पताल में जांच के लिए तरह-तरह की मशीनें तो लगाई गई है, लेकिन उसको चलाने वाला कोई नहीं है, जिसके चलते मरीज के परिजनों को बाहर से जांच कराना पड़ता है। साथ ही जांच कराने के बाद यहां ढंग का डाक्टर नहीं होने के कारण रिपोर्ट को भी नहीं देख रहे है, और बगैर देखे जूनियर डाक्टरों से उपचार कराया जाता है। जिससे लोग बेमौत मर रहे हैं। अस्पताल के सामने नारेबाजी और हल्ला सुनकर अस्पताल अधीक्षक डॉ मनोज कुमार मिंज और उपअधीक्षक डॉक्टर शोभित माने उन्हें समझे देने के लिए पहुंचे लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद व्यवस्था बिगड़ती देख चक्रधर नगर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर चक्रधर नगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव अहेर और उनकी टीम ने ग्रामीणों को शांत कराया और उन्हें विधिवत कार्रवाई करने की सलाह दी। इसके बाद कहीं जाकर ग्रामीणों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त किया।

### गांजा के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 6 मार्च ।** राजेन्द्र नगर व आजाद चौक पुलिस ने गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 किलो 450 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने पीडब्ल्यूडी ओव्हरब्रीज के नीचे गांजा बेचने की सूचना पर आरोपी धनराज सिंधेकर 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 2 किलो 260 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने तेलघानी नाका ओव्हरब्रीज के नीचे आरोपी शेख ईरसाद 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से पिठ्ठू बैग में रखे 5 किलो 190 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सीजी पीएससी भर्ती घोटाला का मामला सीबीआई के हवाले

**रायपुर 6 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित पीएससी भर्ती घोटाला का केस राज्य सरकार ने सीबीआई को दे दिया है। इस मामले में सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। इसके अलावा EOW – ACB में दर्ज एफआईआर के साथ पीएससी घोटाला में दर्ज करवा दी है । वहीं एफआईआर को सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया है। सीजी पीएससी की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगे है इसे लेकर पीएससी के कई अफसर मामले में फंसे हुए हैं। उनपर आरोप है कि, भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करके नेताओं के रिश्तेंदारों को नौकरी दी गई है। यही मुद्दा विधानसभा चुनाव के वक्त उठा था। लेकिन अब इसी साल 3 जनवरी को मंत्रिपरिषद की बैठक में इस मामले को सीबीआई को सौंपने का फैसला ले लिया गया है। बता दें, CG PSC भर्ती घोटाला में राज्यउ में 2 एफआईआर दर्ज हुई है। एक एफआईआर शासन के निर्देश पर की है। वहीं, दूसरी एफआईआर बालोद के अर्जुंदा थाने में दर्ज हुई है। इसके बाद गृह विभाग से अधिसूचना पर दोनों ही मामलों की जांच सीबीआई को सौंप दी है। इस मामले में अफसरों और कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगे हैं। गृह विभाग से जारी पत्र के आधार पर यह एफआईआर दर्ज की गई थी।

# सरेआम शराब पीते 34 गिरफ्तार

**रायपुर, 6 मार्च।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 34 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने टाटीबंध चौक में खुलेआम शराब पीते आरोपी मदन सिंह 48 वर्ष व महाराज राम 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी साधू ताण्डी 41 वर्ष व विजय कुमार केवट 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी संजय विश्वकर्मा 42 वर्ष व मनोज वर्मा 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी जगदीश प्रसाद 43 वर्ष, खेमचंद साहू 25 वर्ष व मुकेश विश्वकर्मा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गंज पुलिस ने आरोपी आकाश नाग 30 वर्ष व परदेशी यादव 60 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी गणेश पाल 37 वर्ष, राजु पटेल 35 वर्ष व आमदराज नागरची 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी घडी निहाल 45 वर्ष, मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी दीपक साहू 25 वर्ष, दीपक मिंज 30 वर्ष व मनोज खलखो 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी चम्पा लाल बघेल 32 वर्ष व जितेन्द्र बया 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी पूनाराम यादव 45 वर्ष, राखी पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण गोस्वामी 36 वर्ष व आरंग पुलिस ने आरोपी योगेश वर्मा 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी बालाराम केवट 40 वर्ष, शोभित चंद्राकर 49 वर्ष, दयाराम यादव 37 वर्ष, यशवंत यादव 36 वर्ष, दसरत साहू 47 वर्ष, गुलजारी लोधी 45 वर्ष, सहदेव ढीमर 42 वर्ष, पुरूषोत्तम साहू 35 वर्ष, सेवकराम साहू 19 वर्ष, डेविड साहू 18 वर्ष व सेवनाथ साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# नवीन आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण के लिए एमओयू

**रायपुर 6 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में नवीन आपराधिक कानूनों पर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने हेतु छत्तीसगढ़ पुलिस एवं हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नवा रायपुर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। एमओयू के तहत नवीन कानूनों भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 पर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि नवीन कानून छत्तीसगढ़ राज्य के कानूनी परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगे। नवीन अपराधिक कानूनों पर छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों को व्यापक रूप से प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़



पुलिस के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना कानूनी प्रणाली को मजबूत करने एवं सभी के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार नवीन आपराधिक कानूनों की मंशानुरूप छत्तीसगढ़ के नागरिकों को त्वरित एवं समुचित न्याय प्रदान करने कृत संकल्पित है। हमारी नई न्याय प्रणाली मानवीय संवेदनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। यह भारतीय न्याय प्रणाली का बहुत बड़ा टर्निंग पाईट है एवं देश में नये अध्याय की शुरूआत होती है। जहां अंग्रेजों के कानून में दंड पर जोर दिया गया है, वहीं देश के नवीन कानून न्याय की बात करता है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि तीन कानूनों के संदर्भ में जब चर्चा प्रारंभ हुई तब हमने भी राज्य में विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि महिलाओं के विरूद्ध कोई अपराध घटित होता है तो इस मामले में समुचित कार्रवाई के लिए महिला थाना की संख्या बढ़ानी चाहिए । इसे हमने संकल्प के रूप में लेकर प्रथम बजट में ही जिलों में नवीन महिला थाना खोले जाने का प्रावधान किया है। 07 साल से अधिक के प्रकरण में फोरेंसिक जांच होनी चाहिए। हम फोरेंसिक जांच को और अधिक सशक्त बनाएंगे। इस हेतु बिलासपुर यूनिवर्सिटी से करार कर एम.एस.सी इन फोरेंसिक की पढ़ाई हो इसके प्रयास किये जा रहे हैं। नवीन कानून में संगठित अपराध, आतंकवाद को परिभाषित किया गया है एवं माब लिंचिंग एवं अनाचार के मामलों में मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। उद्बोधन के अंत में उनके द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस एवं हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को बधाई दी गई।

# पूछने थे 80 नंबर के प्रश्न, पूछे गए 50 नंबर के

**रायपुर 6 मार्च।** आये दिन अपने कारनामो के चलते विवादों में घिरे रहने वाले पं. रविशंकर शुक्ल विवि का फिर एक नया कांड सामने आया है बता दे कि विवि की परीक्षाएं मंगलवार से प्रारंभ हुई। पहले दिन अन्य विषयों के साथ बीसीए तृतीय वर्ष का भी पर्चा था। सांख्यिकीय विश्लेषण की परीक्षा निर्धारित थी। यह परीक्षा 80 अंकों की होती है। लेकिन रविवि ने जो प्रश्नपत्र छात्रों को वितरित किए, उसमें 50 अंकों के सवाल पूछे गए। परीक्षा हॉल में प्रश्नपत्र देखकर छात्र चौंक गए। ना केवल छात्र बल्कि शिक्षक भी इसे लेकर हैरान- परेशान दिखे। रविवि से संबद्ध सभी महाविद्यालयों में जहां केंद्र बनाए गए थे, ये पर्चे बांटे गए हैं। छात्रों ने तैयारी 80 अंकों के आधार पर की थी। कई केंद्रों में छात्रों ने परीक्षकों को इसकी जानकारी दी। इस पर उन्हें प्रश्नपत्र हल करने की सलाह दी गई। पेपर समाप्त होने के बाद छात्रों ने इसकी शिकायत महाविद्यालय के प्राचार्यों से की है।

बीसीए तृतीय वर्ष के सांख्यिकी विषय के ब्लू प्रिंट के अनुसार, सिलेबस में पांच यूनिट हैं। प्रत्येक यूनिट से तीन सवाल पूछे जाते हैं। इनमें से किसी दो को हल करना अनिवार्य होता है। 80 अंकों के प्रश्नपत्र के अनुसार, प्रत्येक प्रश्न के लिए 8 अंक तय होते हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26